RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 146 | ग्वालियर सोमवार 6 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# खबर प्रकाशन के बाद विभाग ने जांच अधिकारियों को किया तलब, दो दिन में सौपा दिया रिपोर्ट

**फरवरी 24 में कलेक्टर ने शर्मा अस्पताल की जॉच के दिये थे आदेश, क्यो दबाई गई थी जाच, अधिकारियो की भूमिका संदेह के दायरे में**

देबाशीष गांगुली (संवाददाता) दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)




**बैकुंठपुर।** खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर के महलपारा स्थित शर्मा अस्पताल के जांच के मामले में कोरिया कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के दखल के बाद जांच दल को बुलवाया और मामले में रिपोर्ट नही सौपे जाने को लेकर पूछताक्ष की तो दो दिनो के भीतर ही जांच पूरी कर ली गई।

जो अपने आप में क्या हो रहा था इसकी पूरी कहानी बया करता है। यानी मामले में पहले ही जाच पूरी कर ली गई थी किंतु फाइल को दबा कर रख दी गया था। जिसमें सबसे प्रमुख जिम्मेदार तातत्कालिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी डॉ. आर एस सेंगर पर ही उंगली उठ रही है। क्योकि वर्तमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले में जैसे ही सख्त रूप अपनाया तो दो दिन के अंदर जांच कैसे पूरी कर ली गई।

**कलेक्टर को सौपी गई जॉच फाइल-सीएमएचओ :** जिसे मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा कोरिया कलेक्टर को सौंप दी गई है मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह का कहना है कि फाइल दबाने ना दबाने के संबंध में मैं कुछ नहीं कह सकता । क्योंकि मामला मेरे से काफी पहले का है जिसकी जानकारी भी मुझे नहीं थी आपके द्वारा मुझे जानकारी दी गई थी जिस पर मैंने फाइल खुलवाया तो यह सब मामला सामने आया । मैंने जांच की फाइल को कोरिया कलेक्टर के सुपुर्द कर दिया है।

**अस्पताल पर लगातार लग रहें हैं गंभीर आरोप:** शासन के अनुमति नहीं होने के बावजूद करोना पॉजिटिव मरीज को पहले अस्पताल में भर्ती किया । उसके बाद उसका इलाज भी शुरू कर दिया । जबकि अस्पताल की जिम्मेदारी थी कि मरिज को तुरंत कोविड अस्पताल बैकुंठपुर में भेजा दिया जाता । इसी चक्कर में बैकुंठपुर जूनापारा निवासी मरिज सुनील तिवारी की मौत हो गई थी। जिस पर तत्कालीन कोरिया कलेक्टर ने महामारी नियमों के उल्लंघन एवं शासन से अनुमति न होने के बावजूद भी इलाज एवं इलाज के दौरान हुई मौत में मामले में अस्पताल की जांच कराया। जिस जाच में अस्पताल के खिलाफ कई गंभीर अनियमित निकाल कर बाहर आई एवं जिस पर तत्कालीन जांच टीम ने धारा 302 के तहत अपराध दर्ज करने की अनुशंसा भी कर दिया। बाद में मामले को दबा दिया गया जिस पर कार्यवाई न होने की शिकायत के बाद दोबारा जाच कराने के आदेश दिये गये थे।

**जिला प्रशासन पर टिकी निगाहें:** अब देखना होगा कि आगे मामले में जॉच रिपोर्ट सौपे जाने के बाद क्या कार्यवाई की जाती है। गौरतलाब हो कि शर्मा अस्पताल द्वारा विगत वर्षों में कई प्रकार की गंभीर अनिमितत्ता पाये जाने के कारण गत वर्ष कई महिने तक जिला प्रशासन के द्वारा अस्पताल को सील कर दिया गया था।

फैक्ट फाईल- कोरोना से पिडित मरिज सुनील तिवारी की शर्मा हॉस्पिटल में 09 मई 2021 को इलाज के दौरान हुई थी मौत, तत्कालीन अपर कलेक्टर सुखनंदन अरिवार ने जांच के बाद अस्पताल पर हत्या की धारा 302 की कार्रवाई को कहा, 09 फरवरी 2024 को कोरिया कलेक्टर ने पत्र लिखकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जाच कर रिपोर्ट देने को कहा, 01 जनवरी 25 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जॉच रिर्पोट कोरिया कलेक्टर को सौपा गया।

# मऊगंज: आबकारी विभाग की कार्रवाई पर सवाल, पत्रकार दीपक गुप्ता को फोन करने से बढ़ा संदेह

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत सीतापुर में आबकारी विभाग की छापेमारी और उसके बाद की घटनाओं ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में विभाग ने कोरेक्स की एक पेटी पर छापा मारा, लेकिन आरोप है कि यह मामला ?50,000 में रफा-दफा कर दिया गया। इस मामले पर खबर प्रसारित होने के बाद, आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने पत्रकार दीपक गुप्ता को फोन करके मिलने की पेशकश की। हालांकि, दीपक गुप्ता ने मिलने से इनकार कर दिया। जब मामला स्पष्ट हो चुका है, तो अधिकारी ने पत्रकार को मिलने के लिए क्यों बुलाया? क्या यह किसी प्रकार का दबाव बनाने या मामले को शांत करने का प्रयास था? ?50,000 की लेन-देन की बात पहले ही सामने आ चुकी है। ऐसे में अधिकारी का पत्रकार से संपर्क करना भ्रष्टाचार के आरोपों को और बल देता है। क्या यह फोन कॉल मामले की निष्पक्ष जांच को प्रभावित करने का प्रयास है? इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब आबकारी विभाग जैसे जिम्मेदार संस्थान खुद सवालों के घेरे में हैं, तो कैसे न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी? यह घटना आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की नीयत पर सवाल खड़ा करती है। पत्रकार से संपर्क करना यह दर्शाता है कि विभाग इस मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की जाए। जो अधिकारी छापेमारी के बाद कार्रवाई से पीछे हटे, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। जनता को यह भरोसा दिलाना होगा कि भ्रष्टाचार के मामलों में कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। घटना केवल एक छापेमारी की नहीं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की साख और ईमानदारी की परीक्षा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती से कदम उठाता है और दोषियों को कानून के दायरे में लाता है या नहीं।

# विजन डॉक्यूमेंट के लिए जन संवाद कार्यक्रम आज

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में विजन डाक्यूमेंट के लिए जन संवाद कार्यक्रम आज 6 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिला योजना अधिकारी डॉ सुनील चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वागीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ-साथ मध्यप्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश @2047 विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने में जन प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, नागरिको की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिको की आंकाक्षाओ, विचारों और प्राथमिकताओं को जिला स्तर पर विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जायेगा। जन संवाद कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिक, नगरीय एवं ग्रामीण निकायो के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी आदि शामिल रहेंगे।

# कांग्रेस ने संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को पार कर लिया है : भाजपा

**युवा पत्रकार का अंतिम संस्कार तक नहीं हुआ और उसी बस्तर में जश्न मना रहे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, आतिशबाजी करवाना,खुद को लड्डुओं से तौलवाना मानवता के खिलाफ : किरण देव**

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)




***रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने बस्तर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के आपराधिक चरित्र पर तीखा हमला बोला है। श्री देव ने कहा कि बस्तर समेत पूरा प्रदेश युवा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर की कांग्रेस नेता द्वारा की गई बर्बर हत्या के बाद दुःखी है जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के जिस बीजापुर में यह निर्मम हत्या की गयी, उसी बस्तर में जब दिवंगत मुकेशजी का अंतिम संस्कार भी नहीं हुआ था, तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आतिशबाजी करवा रहे थे, खुद को लड्डुओं से तुलवा रहे थे, फूलों की बारिश करवा रहे थे, ढोल-नगाड़े बजाए जा रहे थे। श्री देव ने इसे कांग्रेस का नितांत अमानवीय चरित्र बताते हुए कहा कि कांग्रेसी मानवता के नाते कुछ तो शर्म कर लेते। कांग्रेस के लोग ऐसे जश्न मना रहे थे, मानो दुनिया की सारी खुशी उन्हें आज ही मिल गई है।

श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जब सरकार में थी, तब भी लगातार अपराध के मामलों में कांग्रेसी नेताओं के नाम आते थे और अब सत्ता जाने के बाद कांग्रेस की बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि प्रदेश में हो रहे अमूमन हर बड़े अपराधों के पीछे अभी भी कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके नेताओं का नाम लगातार सामने आ रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भाजपा की प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। प्रदेश में अपराध करने वाला चाहे कोई भी हो उस पर कार्रवाई अवश्य होगी। श्री देव ने कहा कि आपराधिक मामलों में लगातार कांग्रेस के लोगों की संलिप्तता सामने आने से एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस षड्यंत्रपूर्वक प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए हिंसा का सहारा लेकर प्रदेश में अशांति व अराजकता फैलाने के टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के पीछे कांग्रेसियों की संलिप्तता की कटु निंदा करती है। प्रदेश की भाजपा सरकार कांग्रेसियों के खिलाफ उनके किए गए अपराधों के लिए कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# फाइव स्टार सुविधा वाले मिनर्वा हॉस्पिटल में बेनाम बीमारियों के इलाज पर लूट, डेढ़ लाख रुपए से शुरू होता है मरीजों का इलाज

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**रीवा।** शहर में संचालित मिनर्वा अस्पताल इन दिनों मरीजों को 5 सितारा होटल के जैसी सुविधा देने को लेकर जानी जाती है जिसमें लक्जरी रूम एसी के साथ और वीआईपी बेड तथा सोफे की व्यवस्था बनाई गई है जैसे कि आमतौर पर 5 सितारा होटल में देखने को मिलता है। परंतु 5 सितारा होटल में कमी आती है भोजन के स्वाद में बस उसी प्रकार मिनर्वा अस्पताल में आए मरीजों को इलाज की गारंटी नहीं मिलती कि मरीज यहां से बेहतर स्वास्थ लेकर ही बाहर जाएगा जबकि छोटी से छोटी बीमारी का भी उसे लाखों रुपए अदा करना होता है। जिसके चलते कभी कभी तो लोगों के मन में यह ख्याल भी आ जाता है कि जब फैसिलिटी होटल की ही रखनी थी तो आखिर अस्पताल खोलने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

**नियमों की अवहेलना करता प्रबंधन:** दरअसल मध्य प्रदेश सरकार ने हालही में एडवाइजरी भी जारी की थी कि निजी अस्पतालों को मरीजों से इलाज के नाम पर की जा रही मनमाना वसूली से बचना होगा जिसके लिए वह अपने अस्पताल के इलाज की रेट सूची रिसेप्शन पर चस्पा करवाए मगर रीवा में स्थित मिनर्वा अस्पताल के प्रबंधन के द्वारा जारी की गई सरकारी गाइडलाइन का पालन न करते हुए नियमों को दरकिनार कर लगातार उसकी अवेहलना की जा रही है जिससे आमजन को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। और अस्पताल प्रबंधन इलाज कराने आए मरीजों को मनमाना बिल थमाकर लुट रहे हैं। मिनर्वा अस्पताल वैसे तो मरीजों को फाइव स्टार होटल वाली सुविधा उपलब्ध कराता है परंतु इस सुविधा के दिखावे का फायदा उठाते हुए लोगों को अपनी ठगी का शिकार भी बनाता है।

**मोटी रकम वसूल ड्यूटी बजा रहे सरकारी डॉक्टर:** जानकारी के मुताबिक शहर के हृदय स्थल में स्थित मिनर्वा अस्पताल में मुख्य रूप से हार्ट और न्यूरो संबंधी इलाज किए जाते हैं जहां सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक अपनी सेवाएं देते हुए अस्पताल से मोटी रकम ले कर जाते हैं। वहीं जिले में इन बीमारियों संबंधित कोई भी सरकारी या प्रायवेट अस्पताल नहीं है क्योंकि सरकारी डॉक्टर तो स्वयं यहीं इलाज करते हैं तो सरकारी दवाखाने के मरीजों पर वह दिलचस्पी क्यों दिखाए ऐसे में तमाम मरीजों को इस तरह से रोग के इलाज के लिए मिनर्वा अस्पताल का ही दरवाजा खटखटाना पड़ता है जिससे अपनी अहमियत को समझते हुए अस्पताल प्रबंधन फिर मरीजों को मनमाना राशि बताकर लूटने का काम करता है।

**1 घंटे के इलाज में बनाते हैं 1 लाख रुपए का चार्ज :** आपको बता दें मिनर्वा अस्पताल प्रबंधन के द्वारा अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को कम से कम कुल इलाज के एवज में 10 से 20 लाख रुपए की भरपाई करनी पड़ती है क्योंकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज को भर्ती करने के साथ पहले एक घंटे में 1 लाख का चार्ज बनना तय है जिससे वह सरकार को सेवाएं देने वाले डॉक्टरों को अपने अस्पताल में बुलाकर उनकी मर्जी के मुताबिक रकम अदा कर सके जिसकी खातिर अस्पताल प्रबंधन को प्रति मरीज एक घंटा के हिसाब से एक लाख रूपये का बिल तैयार करना पड़ता है जिससे अस्पताल के अंदर गरीब इंसान की लाश तक से सौदे हो जाते हैं।

**काउंटर से गायब है रेट सूची:** बताया जा रहा है कि मिनर्वा अस्पताल प्रबंधन द्वारा निजी अस्पताल को लेकर जो भी गाइडलाइन बनाई गई उन सभी नियमों की धज्जियां उड़ाकर मनमाना तरीके से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है तथा अस्पताल के रिसेप्शन में रेट सूची भी नहीं लगाई गई है जिससे मरीज यह तय कर सके कि वह अपना इलाज इसी अस्पताल में कराए या न कराए।

# मंत्री पटेल ने स्व मनीराम चौहान स्मारक निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान






**बाड़ी,** मध्यप्रदेश के राज्य मंत्री एवं उदयपुरा विधायक श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जनपद पंचायत बाड़ी के ग्राम पंचायत शिवतला में स्व श्री मनीराम चौहान (मुनि आर्यमणि वानप्रस्थी) स्मारक (चबूतरा निर्माण) हेतु दो लाख की राशि स्वीकृत की है। स्व मनीराम जी चौहान एक निस्वार्थ समाजसेवी एवं प्रबल राष्ट्र भक्त थे। उनके जीवन चरित्र से लोगों को हमेशा प्रेरणा मिलती रहे इस हेतु उदयपुरा के यशस्वी विधायक एवं मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने स्व मनीराम जी चौहान का पुण्य स्मारक बनाने हेतु विधायक निधि से 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है । स्मारक बनने से क्षेत्र की जनता में अपार खुशी है। इसी प्रकार हरिजन मोहल्ला में भी सड़क निर्माण हेतु विधायक जी ने पांच लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत किए है। राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल क्षेत्र के विकास पर पूर्णता केंद्रित है। भारकच्छ मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन ठाकुर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष होशि यार सिंह चौहान ,सरपंच प्रियंका चौहान ,सरपंच प्रतिनिधि मीतेश चौहान ,सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र चौहान, दीपक चौहान राजेश चौहान (पप्पू भैया) सोहनलाल, श्याम ठाकुर, मेघराज चौहान एवं ग्राम के लोगों सहित भारकच्छ मंडल के सभी लोगों ने राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का आभार व्यक्त किया है। चर्चा के दौरान मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन ठाकुर ने बताया कि हमारे मंत्री क्षेत्र में मंत्री नहीं जनता के सेवक है ।सेवा के लिए निरंतर प्रयास करते हैं और जनता के बीच जाते रहते हैं ।जहां समस्या होती है वहां संवेदनशील मंत्री तुरंत निदान करते हैं।

# गौमाता के प्राण रक्षा के लिए लहार पुलिस प्रयासरत,गौ माता की सेवा में जुटा पूरा स्टाफ

## *सर्दी और बीमारी से अंधी हुई गाय को आग से तपने के साथ-साथ करवाया जा रहा बेहतरीन उपचार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर

संतोष सिंह चौहान



वीती रात्रि में लगभग 11=00 बजे रोड पर विचरण करती गाय की अचानक आंखों की रोशनी चली गई उक्त गाय के साथ लगभग एक माह का छोटा बच्चा भी था रोशनी जाते ही गाय ने अगल-बगल से निकलने वाले वहनों में टक्कर मारना शुरू कर दी लहार थाने में पदस्थ आरक्षक पंकज शर्मा ने जब गाय को इस तरह सर पटकते और दीवालो वाहनों में ठोकेरे मरते देखा तो उसे रस्सी से पड़कर काबू में लेने का प्रयास किया पुलिसस्टाफ एवं गौ सेविकों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को काबू में कर लिया गया,उक्त गाय के उपचार हेतु पुलिस स्टाफ ने डॉक्टर के घर जाकर निवेदन किया और प्राइवेट डॉक्टर को साथ लेकर आए रात्रि में ही गाय का उपचार करवाया गया रात भर गाय को आग से तपने और देखरेख की व्यवस्था में लहार थाने का पूरा स्टाफ जुटा रहा सुबह होते ही फिर शासकीय डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया और उसका उपचार करवाया गया गाय का उपचार अभी जारी है लेकिन गाय की हालत में अभी सुधार नजर नहीं आ रहा है उक्त बीमार गाय को न्यायालय परिसर में स्थित बरगद के पेड़ के नीचे रखा गया है और वहां उसे आग से तपाया जा रहा है एवं देखरेख की जा रही है लहार पुलिस पूरी तन्मयता सेवा भाव से उक्त गाय को बचाने के लिए प्रयासरत है लहार पुलिस ने गाय के बचने के लिए जिस तरह से मोर्चा संभाला है उसे देखकर लगता है की मानवता और गौभक्ती यदि किसी में देखना है तो लहार पुलिस स्टाफ में देखी जा सकती है इसी तरह समाज के लोगों को भी गाय रक्षा के लिए आगे आना चाहिए भूख और बीमारी से मारती गौ माता को बचाने का प्रयास करना चाहिए अपनी पालतू गाय को कभी भी घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए क्योंकि बीमारी दुर्घटना भुख से यदि गाय की मौत होती है तो गाय के मौत का महापाप उक्त गोपालक को लगता है

### इंसानियत और मानवता का संगम, पशु सेवा में प्रेरणादायक पहल

**भिण्ड।** मानवता और करुणा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानवता परिवार के सदस्यों ने इंसानियत युवा मंडल द्वारा संचालित पशु चिकित्सालय का दौरा किया। यह केंद्र घायल और लावारिस कुत्तों, बिल्लियों, बंदरों और अन्य पशु-पक्षियों की देखभाल और उपचार के लिए समर्पित है। यहां सेवा और समर्पण की भावना से कार्यरत युवा न केवल इन असहाय प्राणियों की देखभाल कर रहे हैं, बल्कि उनके जीवन में नई उम्मीदों की किरण जगा रहे हैं।

**पशु सेवा के लिए सहयोग और योगदान** : मानवता परिवार ने इस अवसर पर पशुओं के आहार और दवाइयों की व्यवस्था के लिए बिस्किट, टोस्ट, ब्रेड, आटा और दवाइयां दान कीं। इस सहयोग ने पशु चिकित्सालय के प्रयासों को और अधिक सशक्त किया है। यह पहल साबित करती है कि सामूहिक प्रयासों से हम समाज और पशुओं की भलाई के लिए असाधारण परिवर्तन ला सकते हैं। इस नेक कार्य में कई लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जिनमें प्रमुख रूप से बबलू सिन्धी, दीपक चावला, शिखा चावला, सीमा श्रीवास्तव, रानी जैन, रोमा शर्मा, निशा पांडे, प्रियंका राजावत, सोनल जैन, रक्षा जैन, कल्पना यादव, माही चावला, सपना जैन, अविनाश जैन, निशा मेम, और ऋषिशा भटेले का विशेष योगदान रहा। इन सभी ने अपने समय, संसाधन और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया।

# राजधानी भोपाल के बैरसिया में लायंस क्लब द्वारा आयोजित नेत्र शिविर का हुआ समापन

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा भोपाल. 9425727854




**बैरसिया।।** लायंस क्लब भोपाल कपल द्वारा तीन दिवसीय नेत्र शिविर का रविवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम में भर्ती कर ऑपरेशन हुए मरीजों को अनेक प्रकार की सामग्री वितरित की गई। शिविर 2 जनवरी से शुरू हुआ था। इसमे 2, और 3 जनवरी को मरीजों की जांच कर उन्हें ऑपरेशन के लिए भेजा गया। इन सभी मरीजों का क्लब द्वारा नि:शुल्क इलाज कराया गया।

समापन मौके मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा और बैरसिया विधायक विष्णु खत्री मौजूद रहे। विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि यह एक बड़े यज्ञ के बराबर का कार्य है। लगातार 32 वर्ष से निरंतर इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अन्य संस्थाएं भी इस तरह के शिविर का आयोजन करती है, लेकिन लगातार इतने वर्ष कोई नहीं कर पाता है।

उन्होंने कहा कि यदि आपके प्रयास से किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है तो इससे बड़ा और कोई पुनीत कार्य नहीं हो सकता है। जिनकी आंखों में परेशानी थी। इस ऑपरेशन के बाद उनकी आंखों की रोशनी बढ़ गई है। अब वह जब-जब इन आँखों से देखेंगे तो निश्चित रूप से लायंस क्लब भोपाल कपल और उन सभी सहयोगियों को दुआयें देंगे। मैं भी विधायक इस नाते सभी आयोजक और सहयोगियों को सफल आयोजन की बधाई देता हूँ।

# वर्तमान समय में हमे साइबर अपराधों से जागरूक रहना होगा : एसपी धर्मवीर



**ग्वालियर।** वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से हमे जागरूक रहना होगा। साइबर अपराधी आजकल डिजिटल अरेस्ट, कॉल स्पूफिंग मिलिशियस ऐप, ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, यूपीआई, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, रेनसमवेयर अटैक, फाइनेंशियल फ्रॉड, सोशल मीडिया आदि से साइबर फ्रॉड कर रहे हैं। हमे स्मार्ट फोन का उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी होंगी। तभी साइबर अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। यह बात पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने रविवार को भारतीय स्टेट बैंक और मध्यप्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत कही। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। यह रथ शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का काम करेगा।

रविवार को पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से साइबर अपराधों के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में एक टीम द्वारा साइबर ठगी से संबंधित नुक्कड नाटक का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से अवगत कराया। इस अवसर पर स्टेट साइबर पुलिस नॉर्थ जोन उप पुलिस अधीक्षक संजीव नयन शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविन्द मिश्रा, एस.बी.आई. मुख्य शाखा बाड़ा की सहायक महाप्रबंधक श्रीमती रचना सिंह आदि उपस्थित थे।

# 12 जनवरी को ग्वालियर दौड़ेगा ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने के लिए

## विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं ने किया मैराथन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आग्रह




ग्वालियर। यह मैराथन नशा मुक्त ग्वालियर अभियान की पहली कोशिश है। सामान्यत: ग्वालियर महानगर में मैराथनो का आयोजन होता रहता है। लेकिन हम इस मैराथन के माध्यम से ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने के लिए जन जागरण करने वाले है। हम भटके युवाओं को इस मैराथन के माध्यम से सही दिशा देने का प्रयास कर रहे है। रविवार 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों एव संस्थाओं द्वारा व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान के निमित्त विशाल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी विजय दीक्षित ने कही। मैराथन की तैयारियों के निमित्त रविवार को होटल प्रहलाद इन पड़ाव में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षिणक, खेल संगठनों, मातृशक्ति एवं महानगर के प्रबुद्धजनो की बैठकों में कही।

श्री दीक्षित ने कहा 5 किलो लंबी मैराथन सुबह 8=30 से ग्वालियर के जे.सी.मील स्कूल ग्राउंड के प्रारंभ होकर हजीरा, किला गेट, सेवानगर, फूलबाग होते हुए रानी लक्ष्मीबाई समाधि पर सम्पन्न होगी। जिसके लिए सभी अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करें और करवाये। मैराथन के बाद भी नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के कार्यक्रम, संगोष्ठी, प्रबोधन, कैम्प, नुक्कड़ नाटक आदि चलते रहेंगे। तब सालभर बाद हम सुखद परिणाम देखेंगे।

समाजसेवी मुनेंद्र कुशवाह ने इन बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 15 अगस्त 1920 को नशा मुक्त अभियान की शुरुआत की गई थी। विषय तभी प्रभावी होता है जब उसमें समाज की सहभागिता होती है। हमें नशे के खिलाफ चरण बद्ध तरीके से बढ़ना है। सबसे पहले खुद को व्यसन मुक्त, फिर परिवार को व्यसन मुक्त, फिर मोहल्ला को व्यसन मुक्त और फिर ग्वालियर को व्यसन मुक्त बनाना है। जिससे ग्वालियर का व्यसन मुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरे। और दुनिया नशे की गिरफ्त से बाहर निकले। क्योंकि नशे से व्यक्ति खुद को तो हानि पहुंचाता ही है। साथ ही घर, परिवार और समाज को हानि पहुंचाता है। इसलिए अब समाज को नशे के खिलाफ जंग छेड़नी ही है।

श्री कुशवाह ने कहा हम 12 जनवरी को मैराथन के माध्यम से हमारा प्रयास ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश एवं देश में संदेश देने का है कि ग्वालियर का युवा एवं नागरिक नशा मुक्त की ओर अग्रसर है। इस नशा मुक्त ग्वालियर अभियान से ग्वालियर में सकारात्मक वातारण बन रहा है। उसके नींव के पत्थर हम सब लोग है। हमें समाज को साथ लेकर खूबसूरत ग्वालियर को नशे से मुक्त कराना है।

**मैराथन के लिए हुए 2 हजार रजिस्ट्रेशन** : नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा आयोजित विशाल मैराथन के लिए रविवार 7 बजे तक 2 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए। आमजन में मैराथन के लिए उत्साह देखा जा रहा है। मैराथन के दिन तक यह संख्या कई हजारों होने की संभावना है।

# बेटे ने सौतेले पिता को गोली मारी,हालत गंभीर



**शिवपुरी।** शिवपुरी में शनिवार रात एक युवक ने अपने सौतेले पिता को गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की मां ने चार महीने पहले दूसरी शादी कर ली थी। इसी बात से युवक नाराज था।

घटना जिले के भौंती थाना क्षेत्र के बमेंरा गांव की है। आरोपी की मां ममता जाटव ने बताया कि उसकी पहली शादी खड़बई डबरा के रहने वाले राजू जाटव से हुई थी। पहले पति राजू से एक बेटा अभिषेक (19) है। करीब 4 साल पहले उसके पति राजू जाटव की बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

पति की मौत के बाद बेटा उसके साथ मारपीट करने लगा था, उसके चलते कुछ माह पहले अपने मायके आकर रहने लगी थी। यहां से मायके वालों के कहने पर उसने बमेंरा के रहने वाले हरिराम जाटव से चार माह पहले शादी कर ली थी और उसी के साथ रहने लगी थी। इसी बात से उसका बेटा अभिषेक जाटव खफा था। उसके पहले पति के नाम कुछ जमीन थी। उसका बेटा अभिषेक वह जमीन मांग रहा था। हालांकि उसने बेटे से जमीन नाम कराने की बात कह कर रखी थी।

**सौतेले पिता को कट्टे से मारी गोली** : ममता जाटव ने बताया कि शनिवार रात करीब 2 बजे उसका बेटा अभिषेक और जेठ उत्तम जाटव कुछ अज्ञात लोगों के साथ कार में सवार होकर बमेरा गांव उसे वापस ले जाने पहुंचे थे। अभिषेक में दरवाजा खटखटाया था, जैसे ही उसके पति हरिराम जाटव ने दरवाजा खोला तो अभिषेक ने कट्टे से गोली चला दी, गोली की छर्रे हरिराम सिर में लगे।

गोली मारने के बाद सभी लोग फरार हो गए। हरिराम को परिजन पहले मनपुरा के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, भौंती थाना पुलिस ने हरिराम जाटव की शिकायत पर अभिषेक जाटव और उसके ताऊ उत्तम जाटव के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

**कब्जे को लेकर विवाद 4 लोगों पर केस दर्ज** : शिवपुरी7 कोतवाली थाना क्षेत्र के सिंह निवास में शुक्रवार को मंदिर तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एक पक्ष के दिनेश जाटव ने बताया कि गांव के जाटव मोहल्ले में प्राचीन कबीर दास और माता मंदिर है और एक सरकारी कुंआ है। गांव के रहने वाले प्रह्लाद जाटव और उसके दो बेटे संजय और वीरू ने कोरोना काल में जमीन का सीमांकन करा लिया था। उस समय इस मामले पर कोई बात नहीं हुई थी, लेकिन 10 दिन पहले प्रह्लाद और उसके दोनों बेटों और राजेंद्र जाटव ने मंदिर को तोड़ना शुरू कर दिया और सरकारी कुएं के रास्ते पर भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया। दिनेश ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने मंदिर तोड़ने और रास्ते पर कब्जा करने का विरोध किया तो प्रह्लाद और उसके दोनों बेटे और राजेंद्र ने झगड़ा शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर प्रह्लाद सहित उसके दोनों बेटों सहित एक अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# भाजपा नेता ने गोली मारकर सुसाइड किया



**दतिया।** दतिया में भाजपा के नगर महामंत्री और खटीक समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र मेवाफरोश (42) ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की है। परिवार के लोगों ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वह बाहर निकले। जितेंद्र ने घर के बाद खुद को गोली मारी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र पर साढ़े 6 लाख रुपए का कर्ज था। बेटी सोनम ने बताया कि पापा पर कर्ज चुकाने के लिए भाजपा पार्षद रिंकू दुबे दबाव बनाता था। आए दिन धमकी देता था। इसी से परेशान होकर उन्होंने ये कदम उठाया। पापा सुबह नहाने के बाद घर के बाहर पूजा करने के लिए निकले थे। इसी दौरान फायरिंग की आवाज आई, बाहर जाकर देखा तो पापा के सिर में गोली लगी थी। बड़ी बेटी सोनम ने बताया कि, पापा को रिंकू दुबे और अंकित श्रीवास्तव को 6.50 लाख रुपए देने थे। दोनों आए दिन पापा को फोन कर धमकी देते थे। कहते थे कि, मकान बेचो या जमीन लेकिन पैसा चुकता करो। इस बात से परेशान होकर पापा ने ये कदम उठाया है। भाई वीरेंद्र मेवाफरोश ने आरोप लगाया कि जितेंद्र को अंकित श्रीवास्तव और पार्षद रिंकू दुबे रुपयों के लेन-देन को लेकर लगातार टॉर्चर कर रहे थे। वो भाई से जमीन और घर उनके नाम करने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने बताया कि सहारा के पैसों को लेकर उनके बीच लेनदेन हुआ था। वह भाई को लागातार परेशान करते थे। लेन-देन कितने का था, यह नहीं पता। आज सुबह पटाखे की आवाज के साथ चीखने की आवाज आई। इसके बाद भाभी चिल्लाईं तो हम सब बाहर आए, तब घटना का पता चला। इन दोनों से परेशान होकर भाई ने ये कदम उठाया या उन्हें कोई दूसरा गोली मार गया, हमें इसकी जानकारी नहीं है। मृतक के भाई वीरेंद्र खटीक ने बताया कि, जितेंद्र पहले सहारा कंपनी में एजेंट के तौर पर काम करते थे। कंपनी के दिवालिया होने के बाद भाई ने कर्ज लेकर लोगों के पैसे दिए थे। कुछ पैसे भाजपा पार्षद रिंकू दुबे और उसके साथी अंकित के थे।

## वन विभाग की लकड़ी की हो रही तस्करी

# श्योपुर में डिपो में जमा कराने के बजाय बाजार में बेच रहा ठेकेदार

**श्योपुर।** श्योपुर में नेशनल हाईवे 552 के निर्माण के लिए जिले के जंगल के हजारों हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके लिए वन विभाग से परमिशन भी ली गई है। लेकिन, पेड़ कटाई करने वाले ठेकेदार काटे गए पेड़ों की बेशकीमती लकड़ी को वन विभाग डिपो में जमा कराने के अलावा इसकी तस्करी की जा रही है। तस्करी करके इसे ईट भट्टे चिमनी और फर्नीचर बनाने का काम करने वाले लोगों को बेच रहे हैं। असल में जंगल से लकड़ी काटने के बाद उसे ईको सेंटर के पास स्थित वन विभाग की डिपो में रखवाया जान चाहिए था। लेकिन, लकड़ी की तस्करी करने वाले लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को वन डिपो लेकर जाते दिखे। जबकि, ज्यादातर वन डिपो न जाकर शहर की ओर निकल जाते हैं। फिर लकड़ी तस्कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के सहित लकड़ी का धर्मकांटे पर वजन करवाकर उसे को ईट भट्टे चिमनी और दूसरी जगह पर मोटी रकम लेकर बेच देते हैं।



शनिवार शाम और रविवार की सुबह लकड़ी की तस्करी होते हुए पाई गई। ठेकेदार को जंगल के पेड़ काटने की अनुमति मिलने की वजह से जंगल तस्कर खुलेआम न सिर्फ विशाल हरे भरे पेड़ों को काट रहे हैं। बल्कि, लकड़ी की तस्करी करके लाखों रुपए कमा रहे हैं और शासन को लाखों रुपए की चपत भी लगा रहे हैं। क्योंकि,काटी गई लकड़ी को बेचने के लिए वन विभाग आगामी 20 से 25 जनवरी को नीलामी करेगा। लेकिन, लकड़ी तस्कर नीलामी से पहले ही दूसरे रास्ते से लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। श्योपुर से गौरस, श्यामपुर तक एनएच 552 का निर्माण किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए पुरानी सड़क के दोनों ओर करीब 4-4 मीटर दूरी तक के पेड़ों को काटा जा रहा है। इसकी अनुमति वन विभाग से सड़क निर्माण कराने वाली एजेंसी को दी गई है। लेकिन, सड़क ठेकेदार ने ऐसे लोगों से पेड़ों की कटाई कराई जा रही है, जो पेड़ काटने के बाद आधे से ज्यादा लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। वह लकड़ी को वन डिपो ले जाने के नाम पर मौके से ट्रैक्टर ट्रॉली में लेकर जाते जरूर हैं। लेकिन, वन डिपो आधी लकड़ी भी नहीं पहुंचती बल्कि, जंगल के रास्ते भगवाज होकर उनके लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली निकल जाते है। फिर ईदगाह रोड़ से होते हुए बायपास, पाली रोड़ से जाटखेड़ा के एक निजी धर्मकांटे पर उसका वजन कराया जाता है। फिर लकड़ी को मोटे दाम पर ईंट भट्टे चिमनी या फर्नीचर का काम करने वाले लोगों को बेच दिया जाता है। ऐसा करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली कैमरे में भी रिकार्ड हुए हैं। वीडियो बनाते समय लकड़ी तस्कर मीडिया कर्मियों से झगड़ा करने पर उतारू तक हो गए। वन विभाग के डीएफओ के एस रांधा का कहना है कि हाईवे निर्माण के लिए दोनों ओर से काटी जा रही लकड़ी को वन डिपो में रखवाया जा रहा है। उसकी नीलामी होने के बाद लकड़ी को संबंधित खरीदार ले जा सकता है।

अगर कोई तस्करी कर रहा है, तो मेरी जानकारी में नहीं है।

# तीन दिन से सीधी में बाघ का दहशत - आधा दर्जन से ज्यादा लोगो पर कर चूका है हमला

### बाघ के मूवमेंट को लेकर वन कर्मी गॉव गॉव पहुँच कर लोगों को कर रहें सर्तक







**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व दुबरी का क्षेत्रफल लम्बी दूरी तक फैल हुआ है। दुबरी अभयारण्य और संजय राष्ट्रीय उद्यान बफ़र क्षेत्र सीधी और शहडोल जिले के क्षेत्र की सीमओं में है। जो कि पूर्व में गोपद नदी और पश्चिम में बनास नदी को लिये हुए है। उक्त क्षेत्र में बाघों के अलावा कई और जंगली जानवर भी पाए जाते हैं। जिसके चलते रिहायशी क्षेत्रो में जंगली जानवरो का समय समय पर आना जाना बना रहता है और लोगों में भय व्याप्त रहता है। वहीं विगत तीन दिवस से सीधी जिला मुख्यालय के आप पास के गॉवो में बाघ के फुट प्रिंट देखने को मिले हैं, साथ ही ग्रामींणो के द्वारा दावा किया जा रहा है कि बाघ के द्वारा तीन दिवस में आधा दर्जन से 'यादा गाय, बकरी पर हमला किया गया है। जिसके चलते क्षेत्र में दहशत का महौल निर्मित हो चला है। वन विभाग की टीम लगातार ग्रामींण क्षेत्रो में पहुँचकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। बताया जा रहा है कि शहर से जुड़े हुए क्षेत्र में अब बाघ का मूवमेंट देखने को मिला है। जहा गांव की तरफ बाघ भटक रहा है, ऐसे में लोगों के जीवन में एक संकट गहराता नजर आ रहा है। वहीं वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिरसी, चौफाल, दरिया, लोहझर, डोल, बरमबाबा सहित कई स्थानों पर बाघ का मूवमेंट पाया गया है। ऐसे में सभी लोगों को जागरूक कर सावधानी बरतने के लिए कहा जा रहा है। वन विभाग की टीम के वनपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि सीधी वन परिक्षेत्र में जंगल से लगे हुए राजस्व गांव में एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। ग्रामींणो को खेतों में विद्युत तार न लगाने के लिए समझाइश दी जा रही है, ताकि ऐसे में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि ना हो, बाघ की तलाश में वन विभाग की टीम लगातार लगी हुई है। एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

#### बाघ के नही लगी कालर आईडी, रेस्क्यू में आ रही दिक्कत

दुनिया को प्रथम सफेद शेर देने वाली भूमि में शासन द्वारा बाघो की दहाड़ एक फिर गुंजायमान करने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। पर स्थानीय जन एवं बाघो की सुरक्षा को लेकर इंतजाम उतने ही खस्ताहाल में है। जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्रो में घूम रहे बाघ के चलते चारो ओर संकट जान पड़ रहा है। वह कब एक छोर में रहता है और कब दूसरे छोर में पहुँच जाता है इसका कयाश लगाना मुश्किल पड़ रहा है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि यदि और दहशत फैलती है तो बाघ का रेस्क्यू किया जायेगा किन्तु टीम के पास न ही कोई सुव्यवस्थित रेस्क्यू यूनिट, जिसमें पर्याप्त संसाधन, एक्सपर्ट डॉक्टर और इलाज की व्यवस्था है न ही बाघ के कालर आईडी लगी हुई है। जिससे टीम बाघ का सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर सके।

## डीईओ सिंगापुर में 21 वीं सेन्चुरी टीचिंग एण्ड लर्निंग पर प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण



**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ प्रेमलाल मिश्र सिंगापुर में 21वीं सेन्चुरी टीचिंग एण्ड लर्निंग स्किल्स इन क्लास रूम विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण दिनांक 06.01.2025 से 12.01.2025 तक आयोजित होगा। 21वीं सदी के लिए शिक्षक शिक्षा का एक मॉडल है सिंगापुर की शिक्षण रणनीतियों में मजबूत स्कूल नेतृत्व विकसित करना, व्यावसायिक विकास के लिए प्रतिबद्धता, तकनीक से लैस स्कूलों के लिए नए मॉडल बनाने जैसी बातों का ध्यान रखा जाता है। प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल में सहयोग, डिजिटल साक्षरता, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान जैसी दक्षताएं शामिल हैं। जन सामान्य का मानना है कि शिक्षकों को इन कौशलों को सिखाना चाहिए ताकि वे आज की दुनिया में छात्रों की मदद कर सकें। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा को प्रशिक्षण में चुने जाने के लिये जिले की उपलब्धि मानते हुये उनके यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी की हुई समीक्षा

## मेरिट में यादा छात्र आये इसलिए संचलित हो विशेष कक्षा



**सीधी।** सयुंक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा के पी तिवारी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय क्र 2 सीधी के सभागार में प्राचार्यो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत वर्ष के कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों खासकर 0 से ×0 प्रतिशत वाले स्कूलों के परिणाम कैसे बढ़ेंगे, उनका एक्शन प्लान क्या है आदि बिंदुओं पर प्राचार्यो से बात हुई। जेडी रीवा ने कहा कि कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से चलें। 10वीं एवं 12वीं के ऐसे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई जाए जो अर्धवार्षिक परीक्षा में डी एवं ई ग्रेड लाए हैं। रेमेडियल कक्षाओं के दौरान मॉड्यूल से विद्यार्थियों से ही पढ़ाई करवाई जाए। दसवीं की तैयारी के लिए अभ्यास पुस्तिका, वन लाइनर एवं तीन वर्ष के पेपर का उपयोग किया जाय। पढ़ाई में कमजोर छात्रों के पालकों से बात करें। बैठक में जेडी कार्यालय रीवा के आई टी सेल के प्रमुख जनार्दन मिश्र, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शम्भू नाथ त्रिपाठी, रामाधार पांडेवा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ल, रामकृष्ण तिवारी, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, समस्त विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## रामलीला एवं कृष्ण लीला का संगम विलक्षण है - बाला व्यंकटेश



**सीधी।** श्रीकृष्ण रसामृत समिति पूजा पार्क सीधी के सौजन्य से आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिवस रामचरितमानस के विद्वान कथा प्रवक्ता पं बालाव्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रृद्धालु भक्तों को राम नाम सत्संग की महिमा से लाभान्वित करा दिया। आपने कथा प्रसंग को आयाम देते हुए बताया कि आचरण व्यवहार क्रिया कलाप और वाणी में जिसके सत का समावेश हो वही संत हैं। प्रसंग वश व्यास महराज ने बताया कि मनुस्मृति सहित कुल 52 स्मृतियॉ हैं। अतएव इस समय मनुवादी व्यवस्था नही चल रही है। एक बात और स्मरणीय है कि मनुस्मृति की रचना ब्राम्हण ने नही बल्कि क्षत्रिय ने की है। आगे व्यास जी ने कहा कि बाह्य व्यबस्था संसारियों को रिझाने के लिए बनी है और अभ्यान्तर की व्यवस्था परमात्मा हेतु। यही कारण है संसारी लोग वाह्य श्रृंगार करके सुखानुभूति करते हैं तो साधु.संत अंदर का श्रृंगार करके ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। रामचरित मानस कथा के पूर्व मंचीय औपचारिकता के क्रम में आचार्यो द्वारा व्यास पीठ की पूजा शास्त्र सम्मत ढंग से हुई। राम कथा की ज्ञान गंगा में भक्तों को डुबोते हुए व्यास जी ने कहा कि भगवान शंकर जैसे अद्भुत ज्ञानी जब शती जैसी कथा श्रोता के संशय को दूर नही कर पाये तब आज के प्रवक्ता यह कहें कि हमने श्रोताओं की सम्पूर्ण भ्रान्ति कर दी तो यह एक अतिसंयोक्ति ही कहलायेगा। इस कथन में व्यास जी का एक दर्शन और मानवीय संचेतना का प्रतीकात्मक भाव भरा हुआ था। उन्होनें स्पष्ट किया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने मानव कल्याण और समाज सुधार की बात पग.पग में किया है। मंच पर राम के सुन्दर बाल स्वरूप का दर्शन व्यास जी ने कराते हुए प्रसंगानुसार रोचक भजन कीर्तन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

## मीनाक्षी का लोकनृत्य में राय स्तर में चयन



**सीधी।** खेल युवा केंद्र द्वारा आयोजित लोकनृत्य एवं लोकगायन की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रीवा में संपन्न हुआ जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो की छात्रा मीनाक्षी एवं ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कोमल मिश्रा, रैना सिंह, प्राची द्विवेदी, सरिता सिंह, प्रतीक्षा तिवारी, रागिनी मिश्रा, प्रियांशी सिंह एवं प्रियांशी विश्वकर्मा को लोकगीत में पूरे संभाग में तृतीय स्थान मिला। विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी का चयन रा'य स्तर में हुआ है जहां इनका ग्रुप 6 जनवरी को अपना प्रदर्शन देंगे । अपनी प्रतिभाओ से एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो के छात्रों ने स्कूल के साथ.साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी आज आएंगी सीधी


**सीधी।** सत्कार अधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया कि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास रा'यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी का दिनांक 06.01.2025 को सायं 4 बजे सर्किट हाउस सीधी आगमन होगा। रा'य मंत्री सायं 4.×0 बजे से स्थानीय सम्राट चौक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के ×00 वें जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्णय के परिपेक्ष्य में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के ×00 वें जन्मवर्ष के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। संस्कृति विभाग के लिए जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा ''राष्ट्र समर्थ रू देवी अहिल्या की पुण्यगाथा'' नाट्य प्रस्तुति की जावेगी। रा'यमंत्री सायं 6.×0 बजे रीवा के लिए प्रस्थान करेंगी।



# धन और धर्म सुपात्र के हाथ में सौंपना चाहिए : पंडित पौराणिक

**दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान**

संतान के रूप में कौन आता है आज श्री मद्भागवत कथा के तृतीय दिवस अखिल विश्व सनातन धर्म एवं धर्म संघ अध्यक्ष एवं अखंड हिन्दू महासभा भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्माचार्य श्री कृष्णाश्रय पौराणिक धुलेट धार ने असंख्य श्रोताओं को भाव विभोर होकर कथा ज्ञान भक्ति मय होकर अनेक उदाहरण के साथ बताया कि हमारे पूर्व जन्म के कर्मों से ही हमें इस जन्म में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नि, प्रेमिका, मित्र-शत्रु, सगे-सम्बंधी इत्यादि संसार के जितने भी रिश्ते-नाते हैं सब मिलते है। क्योंकि इन सबको हमें या तो कुछ देना होता है, या इनसे कुछ लेना होता है। संतान के रूप में हमारा कोई पूर्वजन्म का सम्बन्धी आकर जन्म लेता है। जिसे शास्त्रों में आज श्री मद्भागवत कथा के तिसरे दिन बड़ावदा नगर में श्री राम जानकी मन्दिर अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज धर्मशाला प्रांगण में आयोजित धर्म सभा में बहुत ही सुन्दर उदाहरण ज्ञानवर्धक जानकारी शास्त्र युक्त कहा चार प्रकार के सन्तान के लक्षण बताये है :



**1. ऋृणानुबन्ध :-**

पूर्व जन्म का कोई ऐसा जीव जिससे आपने ऋृण लिया हो या उसका किसी भी प्रकार से धन नष्ट किया हो, तो वो आपके घर में संतान बनकर जन्म लेगा और आपका धन रोग में या व्यर्थ के कार्यों में तब तक नष्ट करेगा जब तक उसका हिसाब पूरा ना हो।

**2. शत्रु पुत्र :-**

पूर्व जन्म का कोई शत्रु आपसे बदला लेने के लिये आपके घर में संतान बनकर आयेगा माता-पिता से मारपीट, झगड़ा या उन्हें सारा जीवन किसी भी प्रकार से सताता ही रहेगा। हमेशा कड़वा बोलकर उनका अपमान करेगा व उन्हें दु:खी रख कर खुश होगा।

**3. उदासीन पुत्र :-**

इस प्रकार की सन्तान, ना तो माता-पिता की सेवा करती है और न ही कोई सुख देती है।

**4. सेवक पुत्र :-**

पूर्व जन्म में यदि आपने किसी की बहुत सेवा की है, तो वह अपनी की हुई सेवा का ऋृण उतारने के लिये, आपकी सेवा करने के लिये पुत्र बन कर आता है। जो बोया है वही तो काटोगे। अपने माँ-बाप की सेवा की है, तो ही आपकी संतान बुढ़ापे में आपकी सेवा करेगी। वरना कोई पानी पिलाने वाला भी पास ना होगा. आप यह ना समझे कि यह सब बाते केवल मनुष्य पर ही लागू होती है। इन चार प्रकार में कोई सा भी जीव भी आ सकता है। जैसे आपने किसी गाय की नि:स्वार्थ भाव से सेवा की है तो वह भी पुत्र या पुत्री बनकर आ सकती है। यदि आपने गाय को स्वार्थ वश पालकर उसके दूध देना बन्द करने के पश्चात उसे घर से निकाल दिया हो तो वह ऋृणानुबन्ध पुत्र या पुत्री बनकर जन्म लेगी। यदि आपने किसी निरपराध जीव को सताया है तो वह आपके जीवन में शत्रु बनकर आयेगा।

इसलिये जीवन में कभी किसी का बुरा न करें। क्योंकि प्रकृति का नियम है कि आप जो भी करोगे , उसे वह आपको इस जन्म में या अगले जन्म में सौ गुना वापिस करके देगी। यदि आपने किसी को एक रुपया दिया है तो समझो आपके खाते में सौ रुपये जमा हो गये हैं। यदि आपने किसी का एक रुपया छीना है तो समझो आपकी जमा राशि से सौ रुपये निकल गये। इसलिए जितना हो सके सदा ही सद्भावना युक्त होकर परोपकार करो एवं सत्कर्म करो।जब तक हमारा जीवन रहें सनातन धर्म एवं धर्म संघ अध्यक्ष श्री कृष्णाश्रय पौराणिक धुलेट धार हर हर महादेव सनातन धर्म की जय हो आभार व्यक्त आज समाज के वरिष्ठ श्री पंडित श्री मोहनलाल जी पौराणिक बड़ावदा ने व्यक्त किए।

## नवीन ओपीडी का शुभारंभ



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल**

**शाजापुर शुजालपुर।** सिविल अस्पताल शुजालपुर सिटी में नवीन ओपीडी के शुभारंभ अवसर पर बाबा महांकाल का पूजन कर युवराज क्लब शुजालपुर सिटी में नवीन ओपीडी का शुभारंभ आदरणीय भाईसाहब उच्च शिक्षा केबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार जी द्वारा किया गया उपस्थित विवेकानंद बैंक अध्यक्ष डॉ विजय सिंह खींची जी,जिला महामंत्री विजय बेस जी,नगरपालिका अध्यक्ष श्री मति बबिता परमार जी जिला कोषाध्यक्ष सिमित जैन जी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी जी

# राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती पर देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों होंगे सम्मानित

**प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा 12 जनवरी को दिया जाएगा सम्मानित**

**मनावर धार से रघुनाथ सेन**
















**मुंबई।** महान भारतीय संत, विचारक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत द्वारा देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप मुंबई द्वारा जारी जानकारी अनुसार पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय पत्रकार संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत द्वारा महान भारतीय संत, विचारक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद अवार्ड 2024 सहित स्वामी विवेकानंद यूथ आइकन अवार्ड 2024से वरिष्ठ पत्रकारो सहित युवा क्रांतिकारी पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस की सहमति सहित चयन समिति द्वारा चयनित सम्मानित साथियों में इस वर्ष का स्वामी विवेकानंद अवार्ड 2024 से राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारक,चिंतक मुंबई निवासी श्री स्वप्निल रानी नंदकुमार सहित करीम नगर तेलंगाना के वरिष्ठ पत्रकार श्री मोहम्मद शिराज,देवास मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल धोसरिया, जयपुर राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल नागा तथा बोलपुर पश्चिम बंगाल की समाजसेवी पत्रकार श्रीमती रूपा चौधुरी शामिल हैं।

इस वर्ष के स्वामी विवेकानंद यूथ आइकन अवार्ड 2024 से राजगढ़ मध्य प्रदेश के युवा क्रांतिकारी पत्रकार श्री दुष्यंत पंचोली, बैतूल मध्यप्रदेश के इरशाद खान, लखनऊ उत्तर प्रदेश के अनुपम श्रीवास्तव, धार मध्यप्रदेश के राजेंद्र देवड़ा,बिहार की क्रांतिकारी महिला पत्रकार नेहा हबीब, भोपाल मध्यप्रदेश के शाहाब मलिक सहित हावड़ा पश्चिम बंगाल की युवा क्रांतिकारी महिला पत्रकार स्नेहा रॉय का चयन किया गया है।सभी सम्मानित साथियों को यह सम्मान 12जनवरी 2025को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर ऑनलाइन प्रदान किए जाएंगे।



# संभाग स्तरीय युवा उत्सव में धार जिले के प्रतिभागियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

धार पांच जनवरी संचालनालय खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जी की मंशा अनुसार पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी के मध्य नई दिलली में 28 वॉ राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेश शाक्य ने बताया कि संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन गत दिवस इंदौर में किया गया, जिसमें धार जिले के 7 विधाओं के प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। उक्त आयोजन में विज्ञान मेला (एकल) में अदिती चौहान पिता राजू चौहान ने प्रथम स्थान, भाषण में मयंक दुबे ने तृतीय स्थान, लोक नृत्य (समूह) में सपना सोलंकी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी 6 से 7 जनवरी को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता करेंगी। विजेता प्रतिभागियों को जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री शाक्य, अनिरूद्ध चावड़ा, ग्रामीण युवा समन्वयक दल प्रभारी, कैलाष चौहान, सहायक ग्रेड-3, संतोष चौहान सहायक ग्रेड-3 द्वारा बधाई देते हुए राज्य स्तर पर होने वाले आयोजन में अपना श्रेष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकॉनाऐ व्यक्त कीं।

# गौमाता के प्राण रक्षा के लिए लहार पुलिस प्रयासरत, गौ माता की सेवा में जुटा पूरा स्टाफ

**सर्दी और बीमारी से अंधी हुई गाय को आग से तपने के साथ-साथ करवाया जा रहा बेहतरीन उपचार**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



वीती रात्रि में लगभग 11.00 बजे रोड पर विचरण करती गाय की अचानक आंखों की रोशनी चली गई उक्त गाय के साथ लगभग एक माह का छोटा बच्चा भी था रोशनी जाते ही गाय ने अगल-बगल से निकलने वाले वहनों में टक्कर मारना शुरू कर दी लहार थाने में पदस्थ आरक्षक पंकज शर्मा ने जब गाय को इस तरह सर पटकते और दीवालो वाहनों में ठोकेरे मरते देखा तो उसे रस्सी से पड़कर काबू में लेने का प्रयास किया पुलिसस्टाफ एवं गौ सेविकों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को काबू में कर लिया गया,उक्त गाय के उपचार हेतु पुलिस स्टाफ ने डॉक्टर के घर जाकर निवेदन किया और प्राइवेट डॉक्टर को साथ लेकर आए रात्रि में ही गाय का उपचार करवाया गया रात भर गाय को आग से तपने और देखरेख की व्यवस्था में लहार थाने का पूरा स्टाफ जुटा रहा सुबह होते ही फिर शासकीय डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया और उसका उपचार करवाया गया गाय का उपचार अभी जारी है लेकिन गाय की हालत में अभी सुधार नजर नहीं आ रहा है उक्त बीमार गाय को न्यायालय परिसर में स्थित बरगद के पेड़ के नीचे रखा गया है और वहां उसे आग से तपाया जा रहा है एवं देखरेख की जा रही है लहार पुलिस पूरी तन्मयता सेवा भाव से उक्त गाय को बचाने के लिए प्रयासरत है लहार पुलिस ने गाय के बचने के लिए जिस तरह से मोर्चा संभाला है उसे देखकर लगता है की मानवता और गौभक्ती यदि किसी में देखना है तो लहार पुलिस स्टाफ में देखी जा सकती है इसी तरह समाज के लोगों को भी गाय रक्षा के लिए आगे आना चाहिए भूख और बीमारी से मारती गौ माता को बचाने का प्रयास करना चाहिए अपनी पालतू गाय को कभी भी घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए क्योंकि बीमारी दुर्घटना भुख से यदि गाय की मौत होती है तो गाय के मौत का महापाप उक्त गोपालक

# महाआरती का हुआ आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय में

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**



**दमोह/बटियागढ।** परम पूज्य परम हंसयोगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन में वा आशीर्वाद स्वरूप से बटियागढ में हर माह की भांति इस बार भी माह के प्रथम रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय में भव्यता पूर्वक संपन्न हुई मासिक महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजें से प्रारंभ किया गया जिसका शुभारंभ सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया मां गुरुवर जी के जयकारे लगाते हुए गुरुवर श्री की आरती व माता भगवती की आरती की वही मंत्रों का उच्चारण करते हुए व तीन-तीन बार शंख ध्वनि की आरती करने के तत्पश्चात नए मां के भक्तों को संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गुरुवर श्री जी व संगठन की विचारधारा से अवगत कराया चिंतन मंच संचालन हरिनारायण पटेल द्वारा किया गया जिसमें बताया गया कि बहुत ही सौभाग्य शाली है हम सभी लोग जो 2025 लगते ही नए वर्ष के पावन पर पर ममता मई मां की आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है तो आगे की कड़ी में भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष पं राकेश तिवारी द्वारा बताया गया कि हमारे गुरुवर श्री जी द्वारा आज हम सभी को इस परिवर्तन के यंग में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है एक पिता अपने बालक को नहीं सुधार पाता मगर हमारे गुरुवर श्री जी ने करोड़ों लोगों को सुधार दिया इससे बड़ा चमत्कार और कुछ नहीं हो सकता है ऐसे गुरुवर श्री जी से जुड़े हैं हम जिन्होंने मां भगवती के अपने हाथों से चरण स्पर्श किए हैं साक्षात और भी संगठन सदस्यों द्वारा संगठन की विचारधारा बतलाई गई आयोजन में हजारों लोगों की उपस्थिति रही अंत में सभी का आभार व्यक्त ब्लाक अध्यक्ष बबलू नायक द्वारा किया गया अंत में सभी को निशुल्क शक्तिजल एवं प्रसाद वितरण किया गया

# राजधानी भोपाल के बैरसिया में लायंस क्लब द्वारा आयोजित नेत्र शिविर का हुआ समापन

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा भोपाल**



**बैरसिया।** लायंस क्लब भोपाल कपल द्वारा तीन दिवसीय नेत्र शिविर का रविवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम में भर्ती कर ऑपरेशन हुए मरीजों को अनेक प्रकार की सामग्री वितरित की गई। शिविर 2 जनवरी से शुरू हुआ था। इसमे 2, और 3 जनवरी को मरीजों की जांच कर उन्हें ऑपरेशन के लिए भेजा गया। इन सभी मरीजों का क्लब द्वारा नि:शुल्क इलाज कराया गया। समापन मौके मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा और बैरसिया विधायक विष्णु खत्री मौजूद रहे। विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि यह एक बड़े यज्ञ के बराबर का कार्य है। लगातार 32 वर्ष से निरंतर इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अन्य संस्थाएं भी इस तरह के शिविर का आयोजन करती है, लेकिन लगातार इतने वर्ष कोई नहीं कर पाता है। उन्होंने कहा कि यदि आपके प्रयास से किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है तो इससे बड़ा और कोई पुनीत कार्य नहीं हो सकता है। जिनकी आंखों में परेशानी थी। इस ऑपरेशन के बाद उनकी आंखों की रोशनी बढ़ गई है।

**12 जनवरी को ग्वालियर दौड़ेगा ग्वालियर को नशा मुक्त बनानें के लिए**

# विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं ने किया मैराथन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आग्रह

**ग्वालियर।** यह मैराथन नशा मुक्त ग्वालियर अभियान की पहली कोशिश है। सामान्यत: ग्वालियर महानगर में मैराथनो का आयोजन होता रहता है। लेकिन हम इस मैराथन के माध्यम से ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने के लिए जन जागरण करने वाले है। हम भटके युवाओं को इस मैराथन के माध्यम से सही दिशा देने का प्रयास कर रहे है। रविवार 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों एव संस्थाओं द्वारा व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान के निमित्त विशाल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी विजय दीक्षित ने कही। मैराथन की तैयारियों के निमित्त रविवार को होटल प्रहलाद इन पड़ाव में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षिणक, खेल संगठनों, मातृशक्ति एवं महानगर के प्रबुद्धजनो की बैठकों में कही।

श्री दीक्षित ने कहा 5 किलो लंबी मैराथन सुबह 8:30 से ग्वालियर के जे.सी.मील स्कूल ग्राउंड के प्रारंभ होकर हजीरा, किला गेट, सेवानगर, फूलबाग होते हुए रानी लक्ष्मीबाई समाधि पर सम्पन्न होगी। जिसके लिए सभी अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करें और करवाये। मैराथन के बाद भी नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के कार्यक्रम, संगोष्ठी, प्रबोधन, कैम्प,




नुक्कड़ नाटक आदि चलते रहेंगे। तब सालभर बाद हम सुखद परिणाम देखेंगे। समाजसेवी मुनेंद्र कुशवाह ने इन बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 15 अगस्त 1920 को नशा मुक्त अभियान की शुरुआत की गई थी। विषय तभी प्रभावी होता है जब उसमें समाज की सहभागिता होती है। हमें नशे के खिलाफ चरण बद्ध तरीके से बढ़ना है। सबसे पहले खुद को व्यसन मुक्त, फिर परिवार को व्यसन मुक्त, फिर मोहल्ला को व्यसन मुक्त और फिर ग्वालियर को व्यसन मुक्त बनाना है। जिससे ग्वालियर का व्यसन मुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरे। और दुनिया नशे की गिरफ्त से बाहर निकले। क्योंकि नशे से व्यक्ति खुद को तो हानि पहुंचाता ही है। साथ ही घर, परिवार और समाज को हानि पहुंचाता है। इसलिए अब समाज को नशे के खिलाफ जंग छेड़नी ही है।

श्री कुशवाह ने कहा हम 12 जनवरी को मैराथन के माध्यम से हमारा प्रयास ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश एवं देश में संदेश देने का है कि ग्वालियर का युवा एवं नागरिक नशा मुक्त की ओर अग्रसर है। इस नशा मुक्त ग्वालियर अभियान से ग्वालियर में सकारात्मक वातारण बन रहा है। उसके नींव के पत्थर हम सब लोग है। हमें समाज को साथ लेकर खूबसूरत ग्वालियर को नशे से मुक्त कराना है।

**मैराथन के लिए हुए 2 हजार रजिस्ट्रेशन :-**

नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा आयोजित विशाल मैराथन के लिए रविवार 7 बजे तक 2 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए। आमजन में मैराथन के लिए उत्साह देखा जा रहा है। मैराथन के दिन तक यह संख्या कई हजारों होने की संभावना है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम भामा में हुआ समापन

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार

संवाददाता भानु प्रताप राय




गोटेगांव-श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष एवं महिला इकाई के द्वारा ग्राम भामा में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश एवं सारस्वत अतिथि शंकराचार्य नेत्रालय एवं श्री बाल विद्या निकेतन झोतेश्वर के निर्देशक व श्री आद्य शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति महाविद्यालय कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा ग्राम पंचायत भामा के सरपंच मेलाराम ठाकुर,विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच सूरत सिंह पटेल,श्री आद्य शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष कुंदन लाल अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.दिलीप पाठक, समाजसेवी रूप सिंह ठाकुर , भाजपा के श्रीनगर मंडल अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर,वरिष्ठ शिक्षक श्याम सुंदर यादव, समाज सेवी मुन्ना लाल यादव की गरिमामई उपस्थिति रही द्य क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने अपने उद्बोधन में कहा की सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने जो जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक कराया है यह बहुत बड़ी बात है कि स्वयंसेवक अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य भी कर रहे हैं

मैं सभी शिविरार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं एवं इनका आह्वान करता हूं कि इसी प्रकार समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कार्य करें। श्रीआद्य शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति श्रीनगर के कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी ने कहा कि पूज्य महाराज श्री की तपोस्थली में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य भी महाविद्यालय द्वारा सिखाया जा रहा है यह प्रशंसनीय है मैं इन सभी शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ.शोभाराम मेहरा ने सभी शिविराथीयो को राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए ए, बी, सी प्रमाण पत्र की जानकारी भी दी एवं राज्य स्तर,राष्ट्रीय स्तर, अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सभी छात्र छात्राओं को पहुंचाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आवाहन किया। श्री आद्य शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति अध्यक्ष कुंदनलाल अग्रवाल ने भी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सभी छात्राओं के शिविर के दौरान किए गए कार्यों की प्रशंसा की द्य राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक ने सभी शिविरार्थियों को सात दिवसीय विशेष शिविर में होने वाली गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन में उतारने को कहा जिससे वे अपना एवं इस महाविद्यालय का नाम रोशन करते हुए राष्ट्रीय निर्माण का कार्य कर सकें। मंच संचालन डॉक्टर आशीष ठाकुर के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई एस.पी. डेहरिया एवं महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी अंकिता नामदेव के द्वारा किया गया इस सात दिवसीय शिविर में समस्त ग्रामवासी वरिष्ठ स्वयंसेवको व शिविरार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा

# शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में चल रहे तीन दिवसीय विंटर कैंप का कलेक्टर श्री कोचर की गरिमामयी मौजूदगी में हुआ समापन



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में तीन दिवसीय विंटर कैंप का आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की गरिमामय मौजूदगी में समापन हुआ। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी छात्रों से चर्चा की। साथ ही विंटर कैंप के संबंध में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका शीला पटेल से जानकारी ली। कलेक्टर श्री कोचर ने शिक्षकों और छात्रों को पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। संपूर्ण स्कूल प्रागंण का कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर स्वच्छ, सौंदर्य, वॉल पेंटिंग की सराहना की। शिक्षिका शीला पटेल ने कहा विंटर कैंप में गांव में निवासरत सभी कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं के छात्रों को शामिल किया गया। तीन दिवस में कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष कक्षाएं आयोजित की गई। तीनों दिवस अलग-अलग विषयों के शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधिया भी सिखाई। विंटर कैंप में छात्रों को योग, डांस और खेल-खेल में गतिविधि आधारित शिक्षा दी गई। इस अवसर पर शिक्षक मोहन सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेंद्र पटेल, रश्मि पटेल, लक्ष्मी पटेल, भारती चौबे, बलवंत ठाकुर, विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, ग्रामीणजनों, छात्रों की उपस्थिति रही।



## आलोट में सांवरिया सेठ की भजन संध्या में हजारों भक्त पहुंचे रात 2:00 बजे तक चली भजन संध्या

आलोट में जगदेव गंज में रात्रि में 10 बजे शुरू हुई सांवरिया सेठ की भजन संध्या राजस्थान के गायक गोकुल शर्मा ने जोरदार शर्मा ने शमा बाद दिया ।रात्रि 10 बजे से रात्रि 2 बजे तक कई भजन सांवरिया के वर्णन से महिला व नवयुवकों ने हर भजन पर जोरदार नाच रहे थे। इस भजन संध्या में भगवान खाटू श्याम का दरबार भी सजाया गया , छप्पन भोग भी सजाया गया था। भजन संध्या में नगर व ग्रामीण की भी देख कर आलोट एसडीओपी सबेरा अंसारी व थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने सारी व्यवस्था पर ध्यान रखा ।इस भजन संध्या का आयोजन जतिन दायमा की टीम द्वारा किया गया था।

# सैकड़ों बजरंगी भगवा ध्वज डंडे बेनर पोस्टर लेकर

## जयश्रीराम का जय घोष करते हुए सड़क पर उतरे



33

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। सैकड़ों बजरंगी भगवा ध्वज डंडे बेनर पोस्टर लेकर जयश्रीराम का जय घोष करते हुए रविवार को शहर की सड़कों पर उतर गए। विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के इस तरह अनुशासन के साथ सड़क पर आने से पुलिस प्रशासन भी सकते में बना रहा। शहर के तमाम प्रमुख चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इधर सिंधी कॉलोनी मैदान पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रांत पदाधिकारियों ने संबोधित कर जोश उर्जा शक्ति उत्साह से भर दिया। विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल ने शौर्य दिवस मनाया। बजरंगियों ने शहर में अखंड़ शक्ति का प्रदर्शन किया। बजरंगियों का अनेक स्थानों पर शहर में सामाजिक धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और देशभक्त नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल ने शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शहर के सिंधी कॉलोनी मैदान पर धर्म सभा और शौर्य पद संचलन का आयोजन किया। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के सैकड़ों बजरंद दल कार्यकर्ता गणवेश पहनकर भगवा ध्वज के साथ हिन्दू हित और बांग्लादेश में हो रहे हिन्दूओं पर अत्याचार को दिखाते हुए बेनर पोस्टर लेकर सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित धर्म सभा में पहुंचे।

धर्म सभा का शुभारंभ भगवा ध्वज को नमन के बाद श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल प्रांत सह संयोजक लोकेंद्र मालवीय, प्रांत विधि प्रमुख राकेश श्रीवास्तव,विश्वहिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, बजरंग दल जिला संयोजक विवेक राठौर, विहिप जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नीरज चौरसिया, महेश मेवाड़ा, प्रभात मेवाड़ा कमलेश कुकुंदा के द्वारा किया गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं को संत मोहितराम पाठक, प्रांत सह मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए सनातन धर्म पर हो रहे हमलों और विधर्मियों के द्वारा देश में चलाए जा रहे संडयंत्रों को लेकर जागरूक किया।

शौर्य पद संचलन सिंधी कॉलोनी से प्रांरभ हो कर गाड़ी अडड़ा रोड, कोतवाली चौराहा, गांधी रोड, नमक चौराहा, सराफा बाजार, मेन रोड, चरखा लाईन, खजांची लाईन, मेन रोड, लीसा टाकिज चौराहा, नदी चौराहा, गंगा आश्रम, बस स्टेंड से होकर वापस सिंधी कॉलोनी मैदान पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। पद संचलन में सभी प्रखंडों के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## मंडी परिसर में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं




राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह मंडी परिसर में बेहतर व्यवस्थाएं मंडी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जा रही हैं। यहां पर पुलिस चौकी स्थापित और बोर्ड भी लगा दिया गया हैं। आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था की गई हैं। मंडी परिसर में गेट समय से खुलेंगे समय से बंद होंगे, यह प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई हैं। अब मंडी में गेट रात में 10 बजे बंद हो जाएंगे और सुबह 06 बजे से गेट खोल दिया जाएगा। प्रातः 06 बजे से किसानों का आना-जाना शुरू हो जाएगा। गेट में आने जाने वालों की एंट्री नियुक्त कर्मचारियों द्वारा की जाएगी।

# युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य-राज्यमंत्री श्री लोधी

### अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

### हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह - अखिल भारतीय संघ के तत्वावधान में मां हरसिद्धि मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और मुख्य वक्ता एवं आलोक संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक आईआरएस जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे, सतेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, लोकेंद्र पटेल (लकी भैया) सहित समाज के वरिष्ठजनों की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी और स्वामी ब्रह्मानंद के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई। अतिथियों का स्वागत आलोक संघ के पदाधिकारियों द्वारा फूल माला, मेडल और बेच लगाकर किया गया ।इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा 卐युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य हैं। यह युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करता है।卐

आईआरएस लोकेश कुमार लिल्हारे ने करियर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 卐करियर का चयन जीवन का एक बड़ा निर्णय है। यह न केवल व्यक्ति की जीवनशैली को प्रभावित करता है बल्कि समाज में उसकी स्थिति भी निर्धारित करता है। बच्चों को शिक्षित करना औ?

# आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन, कार्यक्रम की अध्यक्षता की एनपीवी केयर फाउंडेशन के अतिरिक्त सचिव रिषि सिंह चौहान ने

विक्रम सिंह संवाददाता नौगांव



नौगांव ( ग्राम तिदनी) 4 जनवरी 2025 एनपीवी केयर फाउंडेशन द्वारा आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन शनिवार को तिदनी में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एनपीवी केयर फाउंडेशन के अतिरिक्त सचिव रिषि सिंह चौहान ने की, जिन्होंने कैम्प का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों को आयुष्मान भारत योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, 卐यह योजना सरकार द्वारा गरीब और वंचित वर्ग को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जरूरतमंद लोगों को यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। कैम्प में स्थानीय निवासियों को आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में लोगों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

इस अवसर पर एनपीवी केयर फाउंडेशन के कई सदस्य और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। रिषि सिंह चौहान ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। कार्यक्रम की सफलता के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और इसके माध्यम से उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जताई।

# मतदाता सूचियों के प्रकाशन को लेकर राजनैतिक दलो की बैठक आज

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के जिला अध्यक्ष अथवा प्रतिनिधियो की बैठक आज 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गढवाल ने बताया कि श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 का कार्य संपादित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है।

# राइडर्स इन द वाइल्ड 3.0: एमपी पर्यटन के ऑफ बीट डेस्टिनेशन प्रमोट करेंगे बाइकर्स

भोपाल। प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाइकिंग इवेन्ट राइडर्स इन द वाइल्ड-2025 (तृतीय संस्करण) 05 जनवरी रविवार को एमपीटी के होटल विंड एंड वेव्स से शुरू हुआ ।एमपी टूरिज्म बोर्ड के संचालक संतोष श्रीवास्तव एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने फ्लैग ऑफ कर सुपर बाइक रैली को मध्यप्रदेश भ्रमण के लिए रवाना किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संस्था मोस्टेच के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि 'बाइकर्स भोपाल से राजगढ़, झालाबाड़ के रास्ते से गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट पहुंचेंगे। यहां वह टेंट सिटी में रुकेंगे और अगले दिन गुना, अशोकनगर मार्ग से चंदेरी पहुंचेंगे। चंदेरी में भी बाइक राइडर्स टेंट सिटी में रुकेंगे और चंदेरी के हेरिटेज और प्राणपुर विलेज विजिट करेंगे। यह शहर फिल्म पर्यटन की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

इसके बाद बाइकर्स टीकमगढ़ मार्ग से खजुराहो पहुंचेंगे जहां वह एक दिन रुककर हेरिटेज वॉक और बुंदेलखंड की संस्कृति से अवगत होंगे। खजुराहो से पन्ना के रास्ते बाइकर्स सतना, रीवा एवं सीधी मार्ग से एमपीटी के परसिली रिसोर्ट पहुंचेगे, यहां वह वेयरफुट सेंड ट्रेक, वर्ड वॉचिंग, जंगल वॉक, मिलेट म्युजियम विजिट और होम स्टे में रात्रि विश्राम करेंगे। बाइकर्स परसिली से उमरिया होते हुए जबलपुर (भेड़ाघाट) पहुंचेगे। वहां, वह मार्बल रॉक धुंआधार वॉटर फॉल विजिट, बोटिंग और स्काई डायनिंग करेंगे। इसके बाद भेड़ाघाट से भीम बैठका की जाएंगे, इस तरह 11 जनवरी को भोजपुर टेम्पल पर बाइक रैली का समापन किया जाएगा।

# प्रदेश में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी, बदलेंगे कई चेहरे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार नए साल में बड़ी प्रशासनिक तैयारी में है। इसमें मंत्रालय से लेकर जिलों तक कई चेहरे बदलेंगे। खराब परफॉर्मेंस वाले कलेक्टर हटाए जाएंगे। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार मंत्रालय से लेकर जिलों तक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी में है। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच कई दौर की बैठक हो चुकी है। दरअसल, प्रदेश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा था। इसके चलते कलेक्टरों को नहीं बदला जा रहा था। अब सोमवार को मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम पूरा हो रहा है। इसके बाद कई जिलों के कलेक्टर्स को बदला जाएगा। इसमें जिलों में अधिकारियों के परफॉर्मेंस को देखा जाएगा। बता दें, सरकार मध्य प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट बना रही है। इसको सरकार ने आठ क्षेत्रों में बांटा है। इसके लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। अब उनके परफॉर्मेंस को देखकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

प्रदेश में अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देने के लिए अब तक के उनके काम को देखा जाएगा। इसमें राजस्व महाभियान में अब तक का काम, सीएम मॉनिट और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के निपटारे समेत उनके अन्य कामों को देखा जाएगा। इसमें खास तौर से उन शिकायतों को देखा जाएगा, जहां पर शिकायतों को बिना वैधानिक प्रक्रिया के संख्या कम करने के लिए बंद कर दिया गया और अब वहां से दोबारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसमें मंत्रालय में विभाग अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव से लेकर, उप सचिव से लेकर विभाग प्रमुख और संभाग और जिलों में पदस्थ अधिकारियों के ट्रांसफर होंगे। वहीं, तीन साल से अधिक समय से जमे अधिकारियों को भी हटाया जाएगा।



खाद वितरण व्यवस्था को बेहतर तरीके से वितरण व्यवस्था नहीं बनाने वाले अधिकारियों पर भी संकट हैं। वहीं, इसके अलावा जनप्रतिनिधियों की तरफ से जिन अधिकारियों की सरकार को शिकायत मिली उन पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। इसके अलावा कई जिलों में खाद्य एवं औषधि विभाग में सुरक्षा अधिकारी और औषधि निरीक्षक लंबे समय से फील्ड में काम कर रहे हैं। इनमें कुछ अधिकारियों को पांच से सात साल का समय हो गया है। उनको हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नापतौल, पंजीयन, उद्यानिकी, खनिज, पुलिस, लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में भी लंबे समय से जमे अधिकारियों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निगम कमिश्नर ने जारी किए आदेश..

**भोपाल।** अब कोई भी प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले नगर निगम भूमि का आवंटन अपने नाम से कराएगा। बिना भूमि आवंटन के प्रोजेक्ट शुरू करने और बाद में इस पर किसी तरह की आपत्ति या विवाद होने पर संबंधित इंजीनियर की जिम्मेदारी होगी। यह आदेश नगर? निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण की ओर से जारी किए गए हैं। इसके पीछे निगम प्रशासन की मंशा प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान या निर्माण के बाद बिक्री के समय खड़े होने वाले विवादों से बचना है। दरअसल, नगर निगम के पिछले कुछ प्रोजेक्ट ऐसी ही वजह के कारण ?मुसीबत में पड़ गए हैं। निगम की ओर से बनाई गई दुकानों के साथ ही कुछ कॉम्प्लेक्स में भी जमीन आदि से जुड़े विवाद सामने आए। यही नहीं रेरा की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण भी दुकान आदि की बिक्री नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि प्रॉपर्टी तैयार होने के बाद भी निगम उसे बेच नहीं पा रहा है। पिछले दिनों निगम कमिश्नर की ओर से इन प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया कि प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले अगर जरूरी प्रक्रिया का पालन किया गया होता तो यह नौबत ही नहीं आती। 'सब चलता है' की प्रवृत्ति पड़ रही भारी... निगम सूत्रों की मानें तो पिछले कुछ सालों में नगर निगम की ओर से शुरू किए गए कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में जमीन के आवंटन संबंधी प्रक्रिया को पूरा करने से पहले ही प्रोजेक्ट शुरू किए गए।

# अहिल्या की धर्म नगरी महेश्वर का खूबसूरत नजारा

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में स्थित महेश्वर, नर्मदा नदी के शांत तट और सुंदर घाटों के साथ एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्यटन स्थल है। यहां जल क्रीड़ा कर रहे पक्षियों को देखने नावों से पहुंचते हैं पर्यटक। मध्य प्रदेश के इंदौर से करीब 90 किलोमीटर दूर बसे निमाड़ अंचल के खरगोन जिले की पर्यटन नगरी महेश्वर में इन दिनों प्रकृति ने अपने अनूठे रंग बिखेर रखे हैं। यहां बह रही पुण्य

### सुबह ब्रह्म मुहूर्त में प्रकृति ने बिखेरे अनूठे रंग



सलिला मां नर्मदा के शांत तट और सुंदर घाटों के साथ बसा यह नगर अपने में कई सांस्कृतिक धरोहरों के साथ ही ऐतिहासिक गौरव भी समेटे हुए हैं। इसके चलते होलकर वंश और विशेषकर मां अहिल्या बाई की यह धर्म नगरी इतिहास प्रेमियों के साथ-साथ आध्यात्मिक साधकों को अपनी ओर खींचकर, इसे एक आदर्श और सुंदर स्थान बनाती है। यहां के ऐतिहासिक और सुंदर घाटों पर बने अनेक प्राचीन मंदिरों और यहां की प्रकृति के विविध रंगों से सजे आसमान के बीच सूर्योदय का दृश्य पर्यटकों के लिए स्वर्ग के मनोरम दृश्य से कम नजर नहीं आता है, जिसे देखने सर्दियों के दिनों में विशेषकर दूर दराज से बड़ी संख्या में पर्यटक भी यहां पहुंचते हैं। रामायण काल के माहिष्मती नगरी और पौराणिक काल के राजा सहस्त्रबाहु की राजधानी के इस अनुपम नजारे को अपने कैमरे में कैद करने पर्यटक भी नाविकों संग मां नर्मदा के आंचल में जल क्रीड़ा कर रहे पक्षियों के बीच नावों से पहुंचकर इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बनाने ब्रह्म मुहूर्त से ही यहां जुटने लगते हैं।

# तीन दिवसीय शिविर संपन्न शिविर में 889 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया

## गया, मरीज को कवंल काला चश्मा बर्तन दवाइयां जैसी आवश्यक वस्तुओं वितरण किया गया

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा भोपाल. 9425727854**

**बैरसिया।** लायंस क्लब भोपाल कपल द्वारा मानस भवन में 32 व नेत्र ज्योति शिविर का समापन हुआ इस अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा और क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे वहीं इस अवसर पर लायन क्लब ने मिसेज इंडियन ओसियन यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतने वाली लायन डॉक्टर स्वाति जैन को प्रशसित पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं सांसद आलोक शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि घर में परिवार भी है बच्चे भी हैं परंतु अपने लिए जीते तो सब ही हैं अपने लिए नहीं जिये पर जो समाज के जरूरतमंद लोग हैं उनके लिए अगर आपने सेवा करी हम जिस विचारधारा के लिए काम करते हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी हमेशा कहते हैं अगर हमने समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति की सेवा कर ली तो मानो हमने भगवान की सेवा कर ली वही विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि 32 वर्ष से लगातार लायंस क्लब कपल इस आयोजन को कर रहा है यह वास्तव में किसी भी काम को एक वर्ष करना दो वर्ष करना आसान हो सकता है लेकिन लगातार स्वत किसी काम को करना इसके लिए साधना की जरूरत होती है वह लायंस क्लब इस काम को भली भांति कर रहा है मैं विधायक इस नाते से आपको साधुवाद प्रेषित करता हूं मेरे विधानसभा क्षेत्र में आप इस पावन पुनीत काम को कर रहे हैं वही इस अवसर पर अध्यक्ष लायन अनीता जैन, लायन रविंद्र जैन,जमूसर वाले प्रमिला भंडारी, रजनी सिंह, रवि उपाध्याय कमल भंडारी पूर्व जिला गवर्नर अशोक परियानी पूनम, गुप्ता प्रमोद गुप्ता दीपक दुबे मुकेश रायकवार, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश दुधनी हेमेंद्र चौहान रवि लोधा वीरेंद्र जैन, राजमल कुशवाहा,नम्रता शर्मा, लायन महेश मालवीय उर्वशी शाह हरीश चतुर्वेदी डॉ प्रकाश सेठ,सी एल गोयल किरण वाधवानी, एवं सभी लायंस क्लब परिवार उपस्थित रहा

## पार्षद के घर में घुसकर मारपीट, सीएम से कार्रवाई की मांग

**इंदौर।** इंदौर में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के घर में हुई मारपीट को लेकर वे अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने पहुंचे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र-4 की विधायक मालिनी गौड़ और उनके समर्थक पार्षदों ने भी सीएम से मुलाकात की। परिवार ने सीएम को घटनाक्रम के बारे में बताया और न्याय की अपील की। इसके पहले, पार्षद कमलेश कालरा और समाज के लोगों ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष को भी इस बारे में जानकारी दी थी। दरअसल, पार्षद कमलेश कालरा की नगर निगम कर्मचारियों के साथ हुई बातचीत का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद शनिवार को कुछ लोग उनके घर में घुस गए। आरोप है कि इन लोगों ने पार्षद के बेटे के साथ मारपीट की, उसे चाकू मारा और परिवार को धमकाया।

# इंदौर में मेट्रो कोच का अब स्पीड के साथ हो रहा ट्रायल, 30 से ज्यादा कोच आ चुके, ट्रेन के नौ सेट तैयार

**इंदौर।** गांधी नगर और सुपर कॉरिडोर की तरफ जाने वाले शहरवासियों को आजकल ट्रेक पर मेट्रो ट्रेन चलती नजर आती है। विशेषज्ञ ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल रन कर देख रहे है। जब कमर्शियल रन शुरू होगा,तब मेट्रो ट्रेन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी। इंदौर में अब मेट्रो कोच का ट्रैक पर ट्रायल शुरू हो चुका है। उन्हें अब 40 से 50 किलोमीटर की स्पीड के साथ चलाकर ट्रायल लिया जा रहा है, ताकि ट्रैक में कोई समस्या हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके। इंदौर में अब तक 30 से ज्यादा कोच आ चुके हैं। एक इंजन के साथ तीन कोच जुड़कर एक ट्रेन बनती है। इंदौर में कुल 75 से ज्यादा कोच आने हैं। अभी ट्रेन के नौ सेट तैयार हो चुके हैं। इनका ट्रायल चल रहा है। कमर्शियल रन तक कुछ और कोच आ सकते हैं।



गांधी नगर और सुपर कॉरिडोर की तरफ जाने वाले शहरवासियों को आजकल ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन चलती नजर आती है। विशेषज्ञ ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल रन कर देख रहे हैं। जब कमर्शियल रन शुरू होगा, तब मेट्रो ट्रेन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी। वैसे इस साल गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक कमर्शियल रन का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक 17 किलोमीटर वाले इस हिस्से में ट्रायल रन भी नहीं हो पाया है, क्योंकि अभी तक मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार नहीं हुए हैं। अभी मेट्रो रेल कार्पोरेशन छह किलोमीटर हिस्से में ही मेट्रो का संचालन करेगी, लेकिन अभी इस हिस्से में मेट्रो को ज्यादा यात्री नहीं मिलेंगे, क्योंकि गांधी नगर से बांगड़दा चौराहा तक आबादी क्षेत्र नहीं है। इंदौर में 24 मेट्रो ट्रेन चलेगी। एक ट्रेन में 400 से ज्यादा यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। नए कोच आधुनिक रहेंगे। इसमें कोच के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे रहेंगे। इंदौर के लिए वड़ोदरा के सांवली प्लांट में मेट्रो कोच तैयार हो रहे हैं। दो साल पहले ट्रालों पर सवार होकर मेट्रो के कोच इंदौर आए थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में पहला ट्रायल रन हुआ था।

## भोपाल में स्पा सेंटर्स की आड़ में सेक्स रैकेट

**भोपाल।** भोपाल पुलिस ने शनिवार को राजधानी के स्पा सेंटर्स पर रेड कर 35 युवतियों और 33 युवकों को गिरफ्तार किया है। बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच समेत 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी इस कार्रवाई में शामिल रहे। बताया जा रहा है कि ग्राहकों को मोबाइल पर लड़कियों की फोटो और प्रोफाइल भेजी जाती थी। पुलिस ने ये कार्रवाई शनिवार शाम 6 बजे शुरू की। इस दौरान एमपी नगर स्थित मिकाशो फैमिली स्पा एंड पंचकर्म सेंटर, मानसरोवर में नक्षत्र स्पा सेंटर, ज्योति टॉकिज के पास नाहरे स्पा सेंटर, नेहरू नगर स्थित ताज और क्लासिक स्पा सेंटर और बाग सेवनिया स्थित ग्रीन वैली स्पा सेंटर में कार्रवाई की गई। अकेले ग्रीन वैली स्पा सेंटर से 22 युवतियों और 18 युवकों को आपत्तिजनक हालात में पकड़ा गया। जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई शहर के कई स्पा सेंटर के शटर डाउन हो गए। क्राइम ब्रांच ने सभी 68 आरोपियों को एमपी नगर थाना, कमला नगर थाना और बागसेवनिया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बाग सेवनिया इलाके में चल रहे स्पा सेंटर में छापे के बाद दो पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

### पटवारी ने लिखा- भाजपाई भ्रष्टाचार का कद महानायक से ऊंचा

# बीजेपी नेताओं की जमीनों के पेपर; डिप्टी सीएम देवड़ा के बेटे का भी नाम

**भोपाल।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने पिछले महीने 18 दिसंबर को भोपाल के जिन बिल्डर्स पर छापेमारी की। उनमें त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा के कुणाल बिल्डर्स के साथ जॉइंट वेंचर में चल रहे सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बेटे हर्ष देवड़ा, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सीहोर विधायक सुदेश राय के नाम पर जमीनें होने का आरोप पीसीसी चीफ पटवारी ने लगाया है। पटवारी ने ङ्क पर जमीनों के दस्तावेज शेयर करते हुए लिखा- मध्य प्रदेश में अब भाजपाई भ्रष्टाचार का कद महानायक से भी ऊंचा हो गया है। जहां खुद अमिताभ बच्चन जी को निर्माण की अनुमति नहीं मिली, वहां करप्शन की शूटिंग हो गई है। भोपाल के सेंट्रल पार्क में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के बेटों, पूर्व परिवहन मंत्री भूपेंद्र सिंह और बीजेपी विधायक सुदेश राय सहित कई बड़े अफसरों की भी जमीन है। मोहन सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है, यह तथ्य बार-बार स्थापित होता जा रहा है। इसीलिए, मैं बार-बार लगातार दोहरा भी रहा हूं - यह ÷पर्ची÷ बहुत महंगी है।



सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट को लेकर सामने आए एक भू-अभिलेख के दस्तावेज में भोपाल के सेवनिया गौड में भोपाल तालाब के लो डेंसिटी एरिया में चल रहे सेंट्रल पार्क आवासीय प्रोजेक्ट में कुणाल बिल्डर्स डेवलपर्स के डायरेक्टर विजय कुमार अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, रीतेश हरवानी, संगीता हरवानी, राधिका पत्नी राजेश शर्मा, कृष्णा बंसल, मीनू गोयल पत्नी युवराज गोयल, कनिका कल्याणी पत्नी सुमित कल्याणी, गौरव जैन वैभव गोयल, रिशु कटारिया पत्नी आलोक कटारिया, अलोक कटारिया, सैयद विकार हुसैन, सुदेश राय, हर्ष देवड़ा पुत्र जगदीश देवड़ा, दीपक भावसार, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, ज्ञानवती पटेल, मीना पांडेय पत्नी एके पांडेय, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर के नाम जमीनें और प्लॉट की जानकारी सामने आई है। उप नेता प्रतिपक्ष ने पिछले हफ्ते प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह आरोप लगाए थे कि भोपाल के तालाब के ग्रीन बेल्ट में जहां लो डेंसिटी एरिया है। वहां कुणाल बिल्डर्स की जमीन है।

# इंदौर में गर्मी जैसे हालात, ठंड की विदाई, 7 जनवरी से वेस्टर्न डिस्टरबेंस लाएगा फिर ठंड

**इंदौर।** इंदौर में लगातार बढ़ते तापमान से ठंड का असर कम हो गया है। हालांकि, 7 जनवरी से वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण एक बार फिर से ठंड बढ़ने की संभावना है। इंदौर में पिछले तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे फिलहाल सर्दी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटों में दिन और रात का तापमान 1-1 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। शनिवार को दिन का तापमान 31.6 डिग्री (+7) और रात का तापमान 12.8 डिग्री (+3) सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह



एक दशक में चौथी बार हुआ है जब जनवरी में दिन का पारा 31 डिग्री के पार गया है। रविवार सुबह कोहरा न होने के कारण विजिबिलिटी 2 हजार मीटर थी और ठंड का असर काफी कम हो गया। शनिवार को दिन में तेज धूप और 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण ठंड कम रही। रात को हल्की ठंड महसूस हुई और रविवार सुबह होते-होते इसका असर और घट गया। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 7 जनवरी से प्रदेश में तेज ठंड का दूसरा दौर शुरू होने की संभावना है। हालांकि, शुरूआत में इसका प्रभाव इंदौर और आसपास के क्षेत्रों पर खास नहीं दिखेगा। प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में यह सिस्टम रविवार से सक्रिय हो चुका है और दो दिनों बाद इसका असर अन्य शहरों में भी नजर आएगा। यादव ने आगे बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की सक्रियता के चलते उत्तर से बर्फीली हवाएं चलने लगेंगी, जिनकी रफ्तार तेज होगी और ये ठंड का असर बढ़ाएंगी। इससे दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट आएगी। जनवरी में मावठे की बारिश होने की भी संभावना है। 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव उत्तर-पश्चिमी भारत में प्रमुखता से दिख सकता है, जिससे मध्य प्रदेश में बूंदाबांदी के आसार बन सकते हैं।

# गर्ल्स सेफ्टी के लिए बनाया खास जूता, अटैकर को मिलेगा बिजली का झटका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद रवींद्र भवन परिसर में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन में जहां भोपाल के छात्रों ने कई नए मॉडल प्रस्तुत किए हैं, वहीं जयपुर के भारतीय विद्या आश्रम स्कूल के छात्रों और उनके शिक्षक ने मिलकर एक अनोखा डिजाइन किया है, जो लड़कियों की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। यह जूता एक ओर जहां सामने वाले को करंट का झटका देगा, वहीं दूसरी ओर यह जीपीएस से भी कनेक्ट रहेगा। शिक्षिका शुभी शर्मा, जो कि स्कूल में फिजिक्स की शिक्षिका हैं, ने बताया कि इस जूते को उन्होंने सेफ स्पार्क नाम दिया है। उन्होंने इसे अपने दो छात्रों, अथर्व शर्मा और मोहनीश जोशी के साथ मिलकर तैयार किया है। इसमें एक रीचार्जेबल बैटरी लगाई गई है, जो सामने वाले को नॉन-लीथल इलेक्ट्रिक शॉक देती है। यह शॉक जानलेवा नहीं है, लेकिन इससे व्यक्ति अचेत हो सकता है। यह विशेष रूप से उन लड़कियों और महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो अकेले बाहर जाती हैं। उन्होंने बताया कि इसे बनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। देश में हर साल 30,000 रेप केस और करीब डेढ़ लाख किडनैपिंग केस सामने आते हैं। शुभी बताती हैं कि इस जूते में तरह के फीचर हैं।



# आखिर कहां है हमारी स्मार्ट सिटी : अफसरों के बोर्ड ने निगम-बीडीए के बिल स्मार्ट सिटी से पास करा लिए

**भोपाल।** 28 जनवरी 2016 को स्मार्ट सिटी मिशन में पहले 20 शहरों में भोपाल का नाम आने के बाद मिशन के संचालन के ?लिए स्पेशल परपज व्हीकल(एसपीवी) बना और कंपनी के संचालन और महत्वपूर्ण फैसलों के लिए सरकारी अफसरों का एक बोर्ड बनाया गया। इसमें कलेक्टर को चेयरमैन, निगम कमिश्नर को एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाया गया। सीईओ की पदस्थापना की गई। ये तीनों अधिकारी ही स्मार्ट सिटी के कामकाज के लिए जिम्मेदार कहे जा सकते हैं। बोर्ड बनाने के पीछे तर्क था कि राजनीतिक हस्तक्षेप व सरकारी अड़ंगों के बिना फैसले लिए जा सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अफसरों ने राजनीतिक दबाव और प्रभाव में निर्णय लिए। अब तक 6 कलेक्टर, 7 निगमायुक्त और 8 सीईओ बदल चुके हैं। शुरुआत के 4 वर्षों में ऐसे फैसले लिए गए, जिनसे प्रोजेक्ट पटरी से उतर गया। शुरुआती दो साल स्मार्ट सिटी के सीईओ निगम के तत्कालीन अपर आयुक्त चंद्रमौलि शुक्ला थे। उनके बाद जो सीईओ बने, किसी को भी लंबा कार्यकाल नहीं मिला। कंपनी सीधे नगर निगम से जुड़ी है। कई इंजीनियर व अफसर निगम व स्मार्ट सिटी दोनों में काम कर




रहे हैं। इसलिए निगम के काम स्मार्ट सिटी को ट्रांसफर करना आसान था। हालांकि इन मामलों में यूएडीडी को भी लूप में लिया गया। बीडीए के सीईओ भी बोर्ड में सदस्य हैं, इसलिए बीडीए की तंगहाली दूर करने में स्मार्ट सिटी ने मदद कर दी।

जहां फ्लैट बनना थे, अब वहां पीएमएवाय का प्रोजेक्ट ... स्मार्ट सिटी कंपनी ने टीटी नगर एबीडी एरिया में गुरुद्वारे के नजदीक दो प्लॉट पर एमआईजी और एलआईजी फ्लैट बनाने और ग्राउंड फ्लोर पर मार्केट डेवलप करने का एक प्लान तैयार किया था। यह प्लान इसलिए बनाया गया था, क्योंकि बुलेवर्ड स्ट्रीट बनाने के लिए जवाहर चौक के जिन दुकानदारों को हटाया गया था, वे यहीं पर दुकान दिए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन कंपनी को कोई पार्टनर ही नहीं मिला, अब यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान बनाने की प्लानिंग की गई है। एमएलए क्वार्टर्स की जमीन को लेकर भी विवाद ... जवाहर चौक के एमएलए क्वार्टर्स की कुछ जमीन स्मार्ट सिटी के प्लॉटों में आ रही है। खास तौर से जहां मेडिकल स्ट्रीट डेवलप हो गई है, वहां विवाद की स्थिति है। ये विवाद अब कोर्ट चले गए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया नमो भारत में सफर

## खुद लिया टिकट... स्कूली बच्चे बोले- थैंक्यू मिस्टर पीएम





मेरठ। आनंद विहार, न्यू अशोक नगर तक नमो भारत के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उद्घाटन किया। ऐसे में अब मेरठ साउथ से आनंद विहार और न्यू अशोक नगर तक नमो भारत ट्रेन से पहुंचा जा सकेगा। मेरठ साउथ से न्यू अशोक नगर तक साधारण कोच का किराया 150 रुपए है जबकि प्रीमियम कोच का किराया 230 रुपए रखा गया है। वहीं आनंद विहार के लिए साधारण कोच में 130 रुपये खर्च करने होंगे। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक ट्रेन में सफर किया और इस दौरान स्कूली बच्चों से भी बात की। बातचीत के बाद बच्चों ने कहा थैंक्यू मिस्टर प्राइम मिनिस्टर। अब मेरठ के शताब्दी नगर ब्रह्मपुरी तक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मेरठ से मोदीपुरम तक वायाडक्ट का काम पूरा हो चुका है। मेरठ साउथ से नमो भारत का शहर में अगला पड़ाव अब शताब्दीनगर है। इन दोनों स्टेशन के बीच परतापुर और रिठानी स्टेशन भी हैं, जहां मेट्रो का ठहराव रहेगा। अफसरों के मुताबिक शताब्दीनगर तक मेट्रो रेल का रूट तैयार हो गया है। फिनिशिंग का काम चल रहा है और बिजली के लिए अब टेस्टिंग की जा रही है। दूसरी ओर दिल्ली की ओर भी नमो भारत का काम तेजी से चल रहा है। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक सेक्शन की लंबाई लगभग 13 किमी है।

इस सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर दो आरआरटीएस स्टेशन हैं। इस सेक्शन के संचालित होने पर यात्रियों के लिए नमो भारत ट्रेन न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक उपलब्ध हो जाएगी। यात्री 40 मिनट से भी कम समय में न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक आ सकेंगे। ओएचई का काम तेजी से चल रहा है, जो ब्रह्मपुरी तक अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है।

# महाकुंभ : टेराकोटा की बोतल में गंगा जल का सेवन करेंगे संत




**आजमगढ़।** आजमगढ़ के निजामाबाद कस्बे के हस्त शिल्प कलाकार ब्लैक पॉटरी को आज पूरे देश में पहचान बना चुके हैं। उनके द्वारा टेरा कोटा के बर्तन भी बनाए जाते हैं। ब्लैक पॉटरी के बाद अब टेरा कोटा भी हस्त शिल्प कलाकारों की आमदनी का जरिया बना गया है। अब महाकुंभ में उनके द्वारा निर्मित टेरा कोटा की बोतलों में साधु-संतों को गंगा जल प्रदान किया जाएगा। इसके लिए हस्तशिल्प कलाकारों को 1000 बोतलों का ऑर्डर मिला है।

निजामाबाद कस्बे में एक जिला एक उत्पाद के द्वारा चयनित निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी सीएफसी कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कराया गया है। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर में सैकड़ों की संख्या में हस्तशिल्प कलाकार सुबह से लेकर शाम तक मिट्टी के बर्तन की कलाकृति को बनाने का काम करते हैं।

योगी सरकार ने की थी फैसिलिटी सेंटर शुरुआत : उप्र के मुख्यमंत्री द्वारा कॉमन फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन में किया गया था। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में इस वर्ष भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा महाकुंभ में प्रत्येक साधु संतों को और मेले में आने वाले सम्मानित लोगों को शुद्ध गंगाजल भेंट करने के लिए निजामाबाद के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्प कलाकार सोहित कुमार प्रजापति को 1000 बोतल का ऑर्डर मिला है।

# कोहरे की चादर में लिपटी लहरें, अस्सी घाट पर घटी पर्यटकों की संख्या



वाराणसी। भीषण ठंड ने काशी को कांपने पर मजबूर कर दिया है। सड़क से लेकर घाट तक दिन में सन्नाटा पसरा रह रहा है। हर कोई घर में दुबका हुआ है। जो बाहर निकल भी रहे हैं खुद को गर्म कपड़े और चाय के सहारे पर गर्म रखकर आगे बढ़ रहे हैं। सड़क पर रोजाना के मुकबले चहलकदमी कम है और घाट किनारे सन्नाटा पसरा हुआ है। बता दें कि आम दिनों में काशी के गंगा घाट और खासकर अस्सी घाट के किनारे तो पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, राजेंद्र प्रसाद घाट पर भी घूमने वालों की भीड़ होती है। लेकिन इन दिनो पड़ने वाली भीषण ठंड ने सबको कंपा दिया है।

# काशी, मथुरा और संभल जैसे विवादित स्थल हिंदुओं को सौंप दें मुसलमान : इंद्रेश कुमार

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के केंद्रीय पदाधिकारी डॉ. इंद्रेश कुमार ने काशी, मथुरा और संभल जैसे विवादित धार्मिक स्थलों को हिंदुओं को सौंपने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को पहल दिखाकर कुरान और हदीस की रोशनी में बड़े फैसले करने होंगे। उन्होंने विवादित स्थलों का बातचीत के जरिए हल निकालने की वकालत भी की। इंद्रेश कुमार शनिवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों का हल संवाद के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है।




**हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ :** उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि मुस्लिम समाज अपनी जिम्मेदारी समझे और संवाद से काशी, मथुरा और सम्भल जैसे स्थलों पर विवाद खत्म करे। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर कब्जा और हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है।

**संवाद और सहमति से निकालना चाहिए हल :** उन्होंने मुस्लिम समुदाय से इन स्थलों को हिंदू समाज को सौंपने की अपील की, ताकि भारत सांप्रदायिक सौहार्द्र का वैश्विक उदाहरण बने। इंद्रेश कुमार ने कहा कि इस्लाम अमन और इंसाफ का मजहब है। विवादों का हल संवाद और सहमति से निकाला जाना चाहिए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का समर्थन करते हुए इंद्रेश कुमार ने कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज की भलाई और पारदर्शिता के लिए है। वक्फ संपत्तियों को समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाना चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम का आगाज मुफ्ती नोमान ने कुरान की तिलावत से की।

**मस्जिद में बुत है तो वहां नमाज नहीं होगी :** कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक रजा हुसैन रिजवी ने कहा कि अगर किसी मस्जिद में बुत है तो वहां नमाज नहीं होगी। हमें आगे आकर विवादित स्थलों को वापस कर उसका हल निकालना चाहिए।

# शिक्षामित्रों को नौकरी पर हर साल मिलेगा इतने नंबर का भारांक; तबादले में मिलेगा लाभ

लखनऊ। यूपी में शिक्षामित्रों के तबादला/ समायोजन के लिए शासन की ओर से भारांक तय किया गया है। एक पद के सापेक्ष एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर 60 नंबर के भारांक के आधार पर तबादला किया जाएगा। इसमें एक साल की नौकरी के लिए एक नंबर (अधिकतम 20 नंबर) होंगे। जबकि असाध्य या गंभीर रोग से ग्रसित शिक्षामित्र या उनके पति-पत्नी, अविवाहित बेटे-बेटियों के लिए दस नंबर, दिव्यांग शिक्षामित्र या पति-पत्नी, अविवाहित बेटे-बेटियों के लिए दस नंबर, एकल अभिभावक शिक्षामित्र को दस नंबर दिया जाएगा।



वहीं ऐसे शिक्षामित्र जिनके पति-पत्नी सरकारी सेवा केंद्रीय, प्रदेश सरकार या बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत हैं, ऐसे को भी 10 नंबर भारांक दिया जाएगा। शिक्षामित्रों के आवेदन पर डीएम की अध्यक्षता वाली समिति इसी भारांक के आधार पर तबादले का निर्णय लेगी। समिति में सीडीओ, डायट प्राचार्य, बीएसए व सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा भी होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा से कहा है कि वह शिक्षामित्रों के तबादला/ समायोजन के लिए विस्तृत समय सारिणी तैयार कर आगे की कार्यवाही जल्द सुनिश्चित करें।

**हर विद्यालय में शिक्षामित्रों के दो पद होंगे, नक्सल क्षेत्र में तीन :** शासनादेश के अनुसार मानव संपदा पोर्टल से ऐसे परिषदीय प्राथमिक विद्यालय जहां शिक्षामित्र न हो, उनमें शिक्षामित्र के दो पद चिह्नित किए जाएंगे। जहां एक शिक्षामित्र तैनात होंगे, वहां पर एक शिक्षामित्र के पद चिह्नित किए जाएंगे।

**प्रमाण पत्र बीईओ कार्यालय में जमा करेंगे :** वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उन विद्यालयों में जहां एक भी शिक्षामित्र नहीं हैं, वहां पर तीन शिक्षामित्रों के पद चिह्नित किए जाएंगे। जहां एक कार्यरत हैं वहां दो पद, जहां दो हैं, वहां एक पद चिह्नित किया जाएगा। बीएसए कार्यरत शिक्षामित्रों का पूरा विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट करेंगे। सभी शिक्षामित्र अपनी लॉगिन आईडी से मानव संपदा पोर्टल से डाटा डाउनलोड करके इसका प्रमाण पत्र बीईओ कार्यालय में जमा करेंगे।

# 2027 में योगी आदित्यनाथ को तीसरी बार बनाएं सीएम : सैनी

सहारनपुर। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यूपी में 2027 में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है और 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। रामपुर मनिहारान कस्बे के बाईपास रोड पर रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। सैनी के लिए आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। जनसभा में उपस्थित सैनी समाज के युवाओं से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और देश के विकास में अपना योगदान दें।



## दिलावर बोले- डोटासरा को उनके परिवार वाले परेशान कर रहे्कहा-

# लूट का पैसा मिलना बंद हुआ, इसलिए तड़प रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के लिए कहा है कि अब उनकी लूटपाट और भ्रष्टाचार का दरवाजा बंद हो गया है। इसकी वजह से वह परेशान चल रहे हैं।

यही कारण है कि वह इस तरह के बेतुके के बयान दे रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का रिव्यू करवाने के फैसले पर सरकार पर सवाल उठाए थे।

शिक्षा मंत्री ने कहा- डोटासरा इन दिनों बहुत ज्यादा परेशान और टेंशन में हैं। उनके परिवार वाले भी अब उन्हें बहुत परेशान करने लगे हैं। क्योंकि पहले जिस तरह वह चोरी और डिपार्टमेंट में लूट का पैसा लाते थे, वह अब उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

**कांग्रेस ने नहीं खोला एक भी इंग्लिश मीडियम स्कूल :** दिलावर ने कहा- मैं डोटासरा जी से पूछना चाहता हूं क्या इंग्लिश मीडियम स्कूल आपने खोले भी थे। यह एक बहुत बड़ा झूठा है, जो आपके द्वारा बोला गया है। क्योंकि आपने इंग्लिश मीडियम स्कूल नहीं खोले। हिंदी मीडियम स्कूलों पर इंग्लिश मीडियम के बोर्ड लटकाने का काम किया था। कुछ स्थानों पर तो हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूल एक ही थे। वहां कैसे कोई बच्चा इंग्लिश मीडियम शिक्षा हासिल कर सकता था।



**दिलावर का दवा- लाखों बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हुआ :** उन्होंने कहा- इंग्लिश मीडियम स्कूलों के नाम पर गोविंद सिंह डोटासरा ने सिर्फ लूटपाट का एक दरवाजा खोला था। अब उनसे रहा नहीं जा रहा है। इसलिए वह चिंता कर रहे हैं।

कांग्रेस के नेताओं ने राजस्थान के बच्चों का बहुत ज्यादा बुरा किया है। इंग्लिश मीडियम स्कूलों में हिंदी मीडियम के टीचर भेज दिए। जिन्हें इंग्लिश की जानकारी भी नहीं थी। क्योंकि वह टीचर तो हिंदी मीडियम में पढ़ाने वाले थे।

इस वजह से हिंदी मीडियम स्कूल भी काफी पीछे रह गए। वहां पर टीचर की कमी हो गई। कांग्रेस सरकार की वजह से राजस्थान के लाखों बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हुआ। मुझे लगता है, भगवान उन्हें किसी भी कीमत पर माफ नहीं करेगा। उन्होंने छोटे बच्चों के साथ अन्याय किया है। जैसे मछली को पानी से बाहर निकलने पर तड़पन होती है। वैसे ही तड़पन अब आपको हो रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गहलोत राज में खुले अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का रिव्यू करवाने के फैसले पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और सरकार पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गहलोत राज में खुले अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का रिव्यू करवाने के फैसले पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और सरकार पर सवाल उठाए थे।

# एसआई-भर्ती रद्द का सवाल, किरोड़ीलाल ने मुंह पर रखी अंगुली

## जमानत पर चल रहे ट्रेनी एसआई के निलंबन पर बोले- हम एकराय है, कोई विरोध नहीं

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर मीडियाकर्मियों की ओर से एसआई भर्ती रद्द करने का सवाल करने पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मुंह पर अंगुली रख ली। सब इंस्पेक्टर-2021 रद्द करने की मांग को लेकर लगातार बयान दे रहे मंत्री किरोड़ीलाल मीणा आज अचानक इस सवाल पर खामोश हो गए। किरोड़ीलाल मीणा बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मिलने प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष से मिलने का कारण बताया।



जैसे ही उनसे पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होगी? किरोड़ी ने मुंह पर अंगुली रख ली। इसके साथ ही जमानत पर चल रहे ट्रेनी एसआई को निलंबित करने के मामले में किरोड़ीलाल से पूछा गया कि आपके विरोध के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है क्या?

इस पर किरोड़ी ने कहा- हम एकराय है, कोई विरोध नहीं है। आपस में मिलकर निर्णय होगा। मैं शुरू से ही एसआई भर्ती रद्द करने की मांग करता रहा हूं। यह प्रकरण सरकार के स्तर पर चल रहा है। इसमें सरकार क्या करेगी, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

अब किरोड़ीलाल के इस राजनीतिक अंदाज के मायने भी निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि किरोड़ीलाल को केंद्रीय नेतृत्व ने पार्टी और सरकार की लाइन के खिलाफ जाकर बोलने से मना किया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले किरोड़ी की दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई थी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मुझे प्रदेशाध्यक्ष ने बुलाया था। संगठन के चुनाव चल ही रहे हैं। उसके बारे में जानकारी ली थी। इसके साथ ही अमित शाह से मुलाकात पर किरोड़ीलाल ने कहा कि उनसे विशेष चर्चा हुई है। विशेष चर्चा के बारे में मीडिया को नहीं बताया जा सकता है। 30 दिसंबर को जयपुर में ही मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा था कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि जिस एसओजी को भर्ती की जांच दी गई थी, उसने पेपर रद्द करने के लिए कह दिया।

पुलिस मुख्यालय, एडवोकेट जनरल और कैबिनेट सब कमेटी ने भी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर दी है। ऐसे में यह भर्ती रद्द होनी ही चाहिए। अब यह तो मुख्यमंत्री के हाथ में है कि वह कब इसको रद्द करेंगे। इतना कुछ होने के बाद भी भर्ती रद्द नहीं होने के सवाल पर किरोड़ी ने कहा था- इसका कारण तो मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं। मुझे कारण पता होता तो मैं बता देता।

इस्तीफे के सवाल पर भी किरोड़ी ने मुंह पर अंगुली रखी थी

लोकसभा चुनाव के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफे के सवाल पर चुप्पी साध ली थी। उस वक्त किरोड़ीलाल मीणा माउंट आबू दौरे पर थे। इस दौरान उनसे इस्तीफे को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने मुंह पर अंगुली रख ली थी ।

# भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए तैनात होगी स्पेशल-फोर्स


**जयपुर।** राजस्थान में भर्ती परीक्षा में नकल और धांधली रोकने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा अब भर्ती परीक्षा में और ज्यादा सख्ती की जाएगी। जिसके तहत कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा स्पेशल सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा परीक्षा केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर से चैकिंग के बाद ही एंट्री दी जाएगी। वहीं डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस फेस स्केनिंग और आई - राइज स्कैन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री दी जाएगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा फरवरी में आयोजित होने वाली जूनियर इंजीनियर भर्ती परीक्षा से यह प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स रहेगी तैनात :** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन आलोक राज ने बताया कि प्रदेश में भर्ती परीक्षा में धांधली और नकल रोकने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों जहां बोर्ड ने अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड में बदलाव किया था। वहीं अब परीक्षा केंद्रों में एंट्री नियमों में भी बदलाव किया है। जिसके तहत अब अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। यह राज्य पुलिस या होमगार्ड नहीं बल्कि कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा हायर की गई स्पेशल एजेंसी से करवाई जाएगी। इसके साथ ही यह एजेंसी परीक्षा के दौरान भी अभ्यर्थियों की जांच करेंगे। ताकि किसी भी तरह की मेटल डिवाइस परीक्षा केंद्र में नहीं पहुंच सके।

# जनपद में भ्रष्टाचार का बोलबाला, शिकायत के इंतजार में डीपीआरओ

## शिकायतों का दौर बना कागज पूर्ति डीपीआरओ पटल पर लम्बित कार्यवाही

**सीतापुर।** पंचायत राज विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिला प्रशासन से लेकर ब्लाक स्तर पर लगातार शिकायते की जा रही है कई शिकायते जिला पंचायत राज अधिकारी की पटल परें लम्बित पड़ी हुई है इसके बावजूद भी जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू भ्रष्टाचार पर जवाब देही से बचने के लिये एक सामान्य सा रटा रटाया जवाब दे देते है कि शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी। जबकि हकीकत यह है कि कई शिकायते जिला पंचायत राज अधिकारी के पटल पर कार्यवाही के नाम पर धूल खा रही है जिसे जनपद में घोटालेबाजों के हौसले दिन पर दिन भ्रष्टाचार को लेकर बढ़ते जा रहे है और जारी आदेशों को दर किनार कर सामान्यत: एक ग्राम पंचायत में देखा जाये तो लाखों रूपये का घोटाला कर चुके है। अगर एक अनुपात लगाया जाये तो जनपद सीतापुर में कुल 1599 ग्राम पंचायते है। जिस अनुसार ई-स्वराज पोर्टल पर आंकड़े दर्शाये गये है उन आंकड़ो के अनुसार करोड़ो रूपये घोटाले तो प्रधान सचिव ने परिजनों के नाम भुगतान करके कर डाले है। बताते चले कि अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के आदेश के अनुसार 26 अप्रैल 2022 में आदेश जारी किया गया था जिसमें केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत मटेरियल आपूर्ति अथवा अन्य कार्य के सम्बन्धित था लेकिन आदेश जारी होने के बाद भी जनपद सीतापुर में कुछ जिम्मेदारों के संरक्षण में आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है व भुगतान में मनमानी की जा रही है। भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जब भी डीपीआरओ से जानकारी ली जाती है तो एक ही जवाब मिलता है शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी। जबकि हकीकत यह है कि जिला पंचायत कार्यालय पटल पर भारी मात्रा में शिकायते धूल खा रही है जैसे कि रंजित कुमार के द्वारा 30 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत सहाददत नगर में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत की गई थी साथ ही विकास खण्ड लहरपुर में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव अमित वर्मा के कार्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत दी गई थी जिसकी कार्यवाही लम्बित है। इसी प्रकार दुर्गेश कुमार के द्वारा विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजेपारा में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत दी गई जो कि शपथ पत्र के साथ थी लेकिन कार्यवाही लम्बित है। इसी प्रकार अमित कुमार के द्वारा 19 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड पिसावां की ग्राम पंचायत कुइंयाखेड़ा में प्रधान परिजनों के नाम भुगतान को लेकिर शिकायत की गई जिसकी भी कार्यवाही लम्बित है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह द्वारा लगातार जनपद में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायते की जाती रहती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा मात्र कागज पूर्ति की जाती है। विकास खण्ड ऐलिया में अमरेन्द्र कुमार के द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर अक्टूबर माह में शिकायत की गई जिसकी भी कार्यवाही मात्र पत्रावली के माध्यम से की जा रही है धरातल पर कार्यवाही के नाम पर मात्र कागजपूर्ति की जा रही है। सुहेलदेव भारतीय समता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी के द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत की जा चुकी है लेकिन कार्यवाही के नाम पर डीपीआरओ कार्यलय से मात्र कागज पूर्ति की जा रही है। या दो चार प्रार्थना पत्र उदाहरण के तौर पर है जबकि डीपीआरओ कार्यालय में अगर गौर किया जाये तो भारी संख्या में ऐसी शिकायते है जिन पर मात्र कार्यवाही के नाम पर कागजपूर्ति की जा रही है। भ्रष्टाचार को लेकर अगर कोई शिकायतकर्ता सामान्य शिकातयकर्ता है तो डीपीआरओ कार्यालय से शिकायतकर्ता से फोन करके बताया जाता है कि शपथ पत्र के साथ शिकायत दीजिए। जब शिकायतकर्ता शपथ पत्र के साथ शिकायत देता है तो साक्ष्य व शपथपत्र होने के बाद भी कार्यवाही शून्य पर ही होती है। रामपुर मथुरा निवासी त्रिभुवन ने बताया कि हमारे द्वारा एक शिकायत भ्रष्टाचार को लेकर दी गई थी जिस सम्बन्ध में डीपीआरओ कार्यालय से फोन आया कि आप शपथ पत्र के साथ शिकायत दीजिए जब मैने शपथ पत्र के साथ सौ किलोमीटर दूर आकर भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत दी जिसमें हमारे आने जाने व शिकायत में कुल एक हजार रूपये खर्चा हुआ उसके बाद भी कार्यवाही लम्बित है साथ ही जिम्मेदारों द्वारा जिसके सम्बन्ध में शिकायत दी जाती है उसको अवगत करवा दिया जाता है। जिससे भविष्य में जान माल पर भी बन आती है। लगातार हो रही शिकायतों पर कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में जब जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होने बताया कि अभी छुटटी है कार्यालय पहुंचने पर ही कोई जानकारी दे पायेगें।




### शासनादेश का हवाला देकर टाल दी जाती कार्यवाही

भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जब भी कोई आवाज उठाने की हिम्मत करता है व ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में अगर कोई आई जी आर एस या सामान्य शिकायत देकर शिकायत करता है तो शासनादेश का हवाला देकर टाल दी जाती है शिकायत। जबकि अगर शासनादेश के नियमों का पालन कर कोई शिकायत करता है तो लम्बित पड़ी रहती है कार्यवाही।

### स्पष्टीकरण बना कमाई का जरिया

भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में खबर प्रकाशन के बाद लगातार डीपीआरओ आफिस से सम्बन्धित सचिवों को स्पष्टीकरण नोटिसे जारी की जा रही है। समाचार पत्र में नाम प्रकाशन में न लाने की शर्त पर कुछ सचिवों ने बताया कि खबर प्रकाशन के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से या सम्बन्धित पटलों से स्पष्टीकरण नोटिसे तो जारी की जाती है लेकिन सम्पर्क करने के बाद वह नोटिसे कागजपूर्ति साबित होती है। जिससे हम लोगो का नुकसान होता ही है साथ ही जिम्मेदार पटलों की अच्छी खासी कमाई हो जाती है।

# जनता की सेवा के लिये डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध - विधायक



**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर तहसील सभागार में रविवार को आयोजित कम्बल वितरण सेवा कार्यक्रम में विधायक मनीष रावत ने अपने हाथों कमोबेश (600) गरीबों, निराश्रितों, असहायों तथा ठंड से बचने के लिए जरूरत मंदों को कम्बल वितरित करते हुए कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए हर सुविधा उपलब्ध हो, डबल इंजन की सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। तहसील परिसर में रविवार को तहसील सभागार में आयोजित कम्बल वितरण सेवा में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस उपाधीक्षक कपूर कुमार की मौजूदगी में विधायक मनीष रावत ने सिधौली नगर के साथ सिंह पुर ,अलादादपुर गंधौली, रसौली, टड़ाईकल, हुसैनगंज, मदारीपुर, काशीपुर आदि गांवों के गरीबो,ि नराश्रित, असहायों तथा जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कमोबेश (600) कंबल वितरित किए गए।इस मौके पर तहसील के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ स्थानीय भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी नजर आई।

## मंत्री राकेश ने किया नेत्र शिविर का उद्घाटन

**सीतापुर ।** नेत्र शिविर का आयोजन ऑख अस्पताल सीतापुर में किया गया, जिसका उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने नेत्र शिविर में मरीजों को वितरित किये जाने वाले चश्मों एवं दवाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस शिविर में कुल 377 मरीज देख गये, जिसमें 111 मरीज भर्ती किये गये, जिसमें आयुष्मान कार्ड के 52 मरीज तथा 110 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया। साथ ही 132 मरीजों को दवाएं भी वितरित की गयीं शिविर के आयोजन के दौरान डा0 आकांक्षा दास, कैम्प मैनेजर अमित सिंह, कैम्प आर्गेनाइजर विजेन्द्र सिंह एवं राम किशोर शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरगांव चीनी मिल के प्रदूषण से परेशान नगरवासी

## वायु, जल व ध्वनि प्रदूषण से परेशान लोग जिम्मेदार खामोश




**सीतापुर।** प्रदूषण को लेकर जहां एक तरफ जिम्मेदारों द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है कि वह वायु को शुद्ध करने के लिये पौधारोपण के लिये पौधे लगाये जल को दूषित होने से बचाने के लिये जल संरक्षण करें व ध्वनि प्रदूषण से बचने के लिये कम से कम हार्न का इस्तेमाल करें। बताते चले कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर अभी कुछ समय पहले एक रिट भी दायर की गई थी जिसमें धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडिशपिकरों को रात दस बजे के बाद बजाने पर प्रतिबन्धित किया गया था साथ ही अगर कोई काय्रक्रम करता है तो उसके लिये भी जिला प्रशासन से अनुमति लेने की नियमावली बनाई गई थी। जारी आदेशों के बाद भी अवध शुगर एण्ड एनर्जी हरगांव के द्वारा लगातार वायु प्रदूषण, जल पदूषण व ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है। जिससे हरगावं नगर वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हरगांव नगरवासी गुड्डू ने बताया कि मिल से उड़ने वाले धुएं के साथ काफी गन्दगी हम लोगो के छतों पर आ जाती है जिससे हम लोगों का छतों पर उठना बैठना कपड़े फैलाना आदि काफी दिक्कते होती है। हर समय निकलने वाले चिमनियों के धुऐ से कई लोग बीमार हो चुके है। छात्र अभिषेक ने बताया कि परीक्षा का समय नजदीक आ रहा है लेकिन भारी ध्वनि प्रदूषण होने के कारण हम लोगो को पढ़ाई में काफी दिक्कते होती है वहीं मिल के निकल रहे गन्दे पानी के कारण गोमती क`जल तक को दूषित कर रहा है। हरगांव चीनी मिल के वायु, ध्वनि व जल प्रदूषण के सम्बन्ध में जब क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी लखनऊ के 7839891696 नम्बर पर सम्पर्क कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो किन्ही कारणों से जानकारी नही मिल सकी।




# सम्पन्न हुआ संयुक्त शैक्षिक अलंकरण समारोह

**महमूदाबाद-सीतापुर।** प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदाबाद सीतापुर एवं बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर बिलौली बाजार का संयुक्त शैक्षिक अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम. एल. सी. उमेश द्विवेदी ,विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान ,कार्यक्रमाध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप वर्मा थे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी ने किया।अतितिथियों को विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों को एवं 2024 की बोर्ड परीक्षा में यू0पी0 टॉप 10 में स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओं को समान्नित किया गया एव विद्यालय के पुरातन छात्र छात्राओं को इस वर्ष उच्च नौकरियों में पहुचने पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।छात्र छात्राओं को साइकिल ,प्रसस्ति पत्र एव शील्ड देकर सम्मानित किया गया पुरातन छात्र छात्रायें को उच्च नौकरियां प्राप्त करने पर शील्ड एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर समान्नित किया गया। अध्यापकों को स्कूटी, बाइक , फ्रिज, अलमारी, एलसीडी एवम अन्य पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज पाण्डेय,वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र भूषण शुक्ला , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमरीश गुप्ता ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश वर्मा ,विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य अमर बहादुर ,दिनेश वर्मा ,प्रदीप ,दिलीप सिंह , बच्चा सिंह , ब्रजकिशोर , ताराचंद पटेल ,बृजेंद्र वर्मा ,अशोक वर्मा ,विपिन राठौर साईं डिग्री कॉलेज, आशु वर्मा युगांतर इंटर कॉलेज, लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ला डिग्री कॉलेज के प्रबंधक, आलोक वर्मा , मनोज सिंह सहित कई अन्य विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# रेबांता हास्पिटल का हुआ उदघाटन




**सीतापुर।** जिला मुख्यालय से चन्द कदम की दूरी पर श्यामनाथ रेलवे क्रासिग भगवानपुर में आम जनमानस की सुविधा के अनुसार रेबांता हास्पिटल का उदघाटन किया गया। अस्पताल के संचालक मो. नादिर प्रधान ने बताया कि लगातार हो रही मरीजों को असुविधाओं को ध्यान में रखकर इस हास्पिटल का उदघाटन किया गया है जिससे मरीजों को कम खर्च में अच्छा उपचार उपलब्ध करवाया जा सके साथ ही कम से कम खर्चे में मरीजों का बेहतर उपचार हो सके यही हमारा लक्ष्य है। हास्पिटल उदघाटन में भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ राजनैतिक हस्तियां व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे सभी ने अस्पताल संचालक को बधाई दी।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से घोटालेबाज मस्त

**सीतापुर।** जनपद की ग्राम पंचायतों में सचिव व प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है,जिम्मेदार अधिकारी जानबूझ कर अनजान बने हुए है,या यूं कहें की जिम्मेदार अधिकारियो ने भ्रष्टाचारी सचिवो व प्रधानों को संरक्षण दे रखा है जिससे सचिव बेखौफ होकर वित्तीय धनराशि का प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाला कर रहे है, जबकि प्रधानों व सचिवो के द्वारा किया गए घोटालो की गवाही ई ग्राम स्वराज बना हुआ है उसके बावजूद मोनिटरिंग के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी अपना उत्तरदायित्व न निभाते हुए घोटालो में अपनी आमदनी का जरिया तलाशने लगते है। बताते चले जिले की अधिकतर ग्राम पंचायतों में जारी शासनादेश को दरकिनार कर सचिव व प्रधान घोटाले कर रहे है, विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत आरोख माजितपुर में प्रधान विक्रम सिंह ने सचिव के साथ मिलीभगत कर अपने नाम पर वित्तीय खातों में भेजी गयी विकास कार्य की धनराशि का भुगतान करा लिया है, वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2022-23 में लाखो का भुगतान कर फर्जीवाडा कर डाला है,ग्राम पंचायत गोरिया झाल में प्रधान मंजीत कौर के द्वारा भी अपने नाम पर लाखों का भुगतान किया गया है सचिव ने प्रधान के नाम पर मजदुरी व सामग्री का भी भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है जिससे लाखों रूपये का सरकारी धन का बंदरबाँट किया है, वही ग्राम पंचायत दसेलिया ने प्रधान मुन्ना लाल ने अपने नाम पर लगभग 4 लाख रुपये का भुगतान कर फर्जीवाडा किया है, घोटालो के पीछे सिर्फ प्रधान सचिव ही जिम्मेदार है या फिर जिला मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी घोटालो में शामिल है। जब इस सम्बंध में एडीओ परसेंडी से जानकारी के लिए बात की गई तो उन्होंने बताया कि दिखवाते है क्या है पूरा मामला उसके बाद कार्यवाही कराई जाएगी।

### गोंदलामऊ की कुनेरा में हुए घोटाले

विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत कुनेरा में घोटालो के रहष्य छुपे हुए है, ग्राम प्रधान ने प्रधानी जितने से लेकर प्रधानी चलाने तक मे फर्जीवाड़ों की झड़ी लगा दी है,प्रधान सरस्वती देवी वित्तीय धनराशि को अपने मनमाने तरीके से अपने चहेतों को बांट रही है, जिसमे सचिव ने अपनी बराबर की हिस्से दारी निभाई है और सरकारी धन का बंदरबाँट किया है, प्रधान ने विजय कुमार को मनमाने तरीके से चालू वित्तीय वर्ष में लाखों का भुगतान किया है, मनमाने तरीके से किए गए भुगतानों में फर्जीवाड़े संकेत मिल रहे है। वही सुहेलदेव समता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कुनेरा ग्राम प्रधान पर नामांकन में हेर-फेर करने का भी आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है। जब इस सम्बंध में जानकारी के लिए प्रधान व सचिव फोन किया गया तो बजती रही घंटियां नही उठा फोन।

# प्रकाश पर्व पर दस दिनों तक निकाली जायेगी प्रभात फेरी



**सिधौली- सीतापुर ।** स्थानीय तहसील मुख्यपाल पर कस्बे के गुरुद्वारे से सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में लगातार (10 )दिनों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है पांच तारीख को पड़ने वाला प्रकाश पर्व छ: को पड़ रहा है इसलिए रविवार को बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई है। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में दस दिनों से निकाली जा रही प्रभात फेरी में रविवार को कुछ ज्यादा ही लोगों उत्साह नजर आया। वहीं बताया गया कि इस बार गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व पांच तारीख के बजाए छ तारीख को पड़ रहा है इसके उपलक्ष्य में रविवार पांच तारीख को बड़ी प्रभात फेरी निकाली गई इस प्रभात फेरी में वाहेगुरु शब्द तथा गुरु गोविंद सिंह जी के बारे में गुणगान किया गया वहीं यह भी बताया गया कि इस बार कस्बे में नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते इस बार नगर कीर्तन नहीं निकाला जा रहा है। इस अवसर पर कस्बे गुरुद्वारा प्रधान अवतार सिंह , नगर पंचायत अध्यक्ष गंगा राम राजपूत,जसबीर सिंह, रागी बल्लू सिंह, गुरमीत सिंह, प्रिंस सिंह ,कमलदीप सिंह ,मुंनंन शुक्ला, दीपक सिंह ,गुरप्रीत सिंह, नरेंद्र कौर ,सुरेंद्र कौर ,जसवीर कौर ,परमजीत कौर सहित सैकड़ों महिलाएं -पुर्षों और व बच्चों की मौजूदगी नजर आई।

# जिला पंचायत की गंदी सियासत और कमीशनबाजी कार्यालय से सड़को के मार्ग पहुंची कलेक्ट्रेट तक

## अधिशासी अभियन्ता पर लगा पूर्व सांसद और पूर्व विधायक की कठपुतली बनने का आरोप





**सीतापुर।** जिला पंचायत सीतापुर की अध्यक्ष तो श्रद्धा सागर है लेकिन अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में सारा कार्य शिव कुमार गुप्ता देख रहे है। जब से अध्यक्ष श्रद्धा सागर बनी है तब से जिला पंयायत में गंदी सियासत और कमीशनबाजी को लेकर सड़को पर लड़ाई झगड़े के अलावा और कुछ हो ही नही रहा हैं। कही प्रतिनिधि पर तो कही अधिशासी अधिकारी पर आरोप लग रहे है तो पूर्व सांसद राजेश वर्मा और बिसवां के वर्तमान विधायक निर्मल वर्मा पर भी गम्भीर गम्भीर आरोप जिला पंचायत सदस्यों द्वारा लगाए जा रहे है। जबकि साथ ही दोनो बड़े नेताओं के विरोध में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा नारे बाजी की जा रही है । बताते चले कि शनिवार को जिला पंचायत के हाल में बैठक चल रही थी लेकिन गन्दी सियासत और कमीशन बाजी को लेकर जिला पंचायत सदस्यों से बात नही बनी तो बात विकास भवन के धरना स्थल तक पहुंची सदस्यों ने धरना दिया नारे बाजी करने के साथ ही ज्ञापन भी दिया गया। इतना सब कुछ देखकर जिला पंचायत भी शर्मसार हो गई और वर्तमान समय में जिला पंचायत को लेकर हो रही सिसायत और कमीशनबाजी के जो संदेश जनता के बीच जा रहे है वह भी भविष्य के लिये ठीक नही है। अधिशासी अधिकारी और भाजपा नेताओं पर जो आरोप लग रहे है वह सत्तासीन भाजपा को कलंकित करने के सिवा और कुछ नही कर रहे है। सीतापुर जिला पंचायत की यह कमीशनबाजी वाली सियासत धीरे धीरे विपक्षियों का मुददा बनती जा रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष में विरोध स्वर तो बैठक के दौरान ही उठने लगे थे। लेकिन जिला पंचायत सदस्यों ने बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता संजय कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए। सदस्यों के मुताबिक बोर्ड बैठक हर दो माह में होनी चाहिए, लेकिन पिछले 10 माह से बोर्ड बैठक नहीं कराई गई है। इस वजह से विकास कार्य ठप हैं।सदस्यों का कहना है कि 20 नवंबर 2024 को 105 निविदाएं खोली गईं थीं, लेकिन 45 दिन बाद भी वर्क ऑर्डर निर्गत नहीं किए गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष खत्म होने में कुछ माह बचे हैं। जिला पंचायत में विकास कार्यों की करीब 100 करोड़ रुपये डंप हैं।सदस्यों के आक्रोश का आलम यह था कि बैठक में विकास विरोधी अधिशासी अभियंता मुर्दाबाद के नारे भी गूंजे। यह भी आरोप लगाया गया कि अधिशासी अभियंता ने पूर्व सांसद राजेश वर्मा और बिसवां विधायक निर्मल वर्मा के इशारे पर विकास कार्यों को बाधित कर रखा है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, सदस्य अनूप कुमार त्रिपाठी, रामस्वरूप, शमीम बानो, निर्मला, आशा देवी, हरगोविंद यादव, ललिता देवी, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।बैठक में पूर्व सांसद राजेश वर्मा का मुखर विरोध भी दिखाई दिया। सदस्यों का आरोप है कि पूर्व सांसद राजेश वर्मा और बिसवां के वर्तमान विधायक निर्मल वर्मा के इशारे पर अधिशासी अभियंता संजय कुमार बोर्ड बैठक नहीं करा रहे हैं। आक्रोशित सदस्यों ने राजेश वर्मा मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बैठक के दौरान गुटबाजी भी सामने आई। दरअसल, बैठक का बॉयकाट कर कई सदस्य विकास भवन के सामने धरने पर बैठ गए। एक दिवसीय धरने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें कहा गया है जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर के सगे ससुर शिव कुमार गुप्ता ठेकेदारों से 22 प्रतिशत कमीशन मांगते हैं।

# पत्रकार के साथ अभद्रता मामले में डीएम ने एसडीएम को दिया जांच का आदेश लेकिन जांच अधर में

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर।** घायल पत्रकार के भाई का एक्सीडेंट होने की सूचना मिलने पर आननफानन में पत्रकार अपने परिवार सूचना दी उसके बाद परिवार के साथ मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर पहुंचे पत्रकार के साथ तहसीलदार निखिलेश कुमार ने उसके कंधे पर हाथ डाल कर धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे धकेल कर भागा दिया था जिसकी शिकायत पत्रकार ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह से किया था जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इसके बाबत जांच किए जाने हेतु उपजिलाधिकारी टांडा को पत्रकार के द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर आदेशित किया। हालांकि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर जांच उपजिलाधिकारी के पटल पर लंबित हैं। जिससे मामले में पत्रकारों के बीच उक्त प्रकरण तूल पकड़ते जा रहा हैं। गत 31 दिसंबर को टांडा के गिरिजा नगर कस्बा पूरब निवासी पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव का छोटा भाई आदित्य सिंह श्रीवास्तव व दिलीप मौर्या तथा नीतीश तिवारी के साथ टांडा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिटी सेंटर छोटी बाजार में खड़े होकर आपस में बात-चीत कर रहे थे। रात लगभग 10 बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया था। घायलों को स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भेजा था, जहां अभी भी घायलों का इलाज चल रहा हैं। ज्ञातव्य हो कि मोहल्ला गिरिजा नगर कस्बा पूरब निवासी पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव घटना के बाद सूचना मिलने पर रात लगभग 11 बजे घायल अपने भाई और उनके मित्रो को देखने अपने परिवार और शुभचिंतकों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां मौजूद उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के साथ तहसीलदार निखिलेश कुमार ने जैसे ही पत्रकार घटना के बाबत पूछताछ करने का प्रयास उपजिलाधिकारी से करने की कोशिश करता पत्रकार का नाम सुनते आगबबूला हुए तहसीलदार निखिलेश ने पत्रकार के कंधे पर हाथ डाल कर धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देते उससे अभद्रता करने लगे यही नहीं मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजंसी वार्ड से भागा दिया था। जिसको लेकर उक्त स्वार्जनिक स्थल पर पत्रकार की छवि धूमिल हो गई जिससे आहत होकर पत्रकार ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी अविनाश सिंह से कर कार्रवाई करने की प्रार्थना पत्र के माध्यम से उपस्थित होकर मांग की थी इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण में जांच का आदेश उपजिलाधिकारी टांडा डॉ शशि शेखर को दिया था। हालांकि उक्त प्रकरण में जांच अभी अधर में हैं, जिस मामले को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। ज्ञात हो कि पत्रकार की शिकायत पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पत्रकार को जांच कर न्याय दिलाए जाने का भरोसा दिलाया था। आप को बता दे कि मौजूदा टांडा तहसील में तैनात तहसीलदार निखिलेश कुमार के द्वारा घूस का रेट फिक्स करो के तहत टांडा तहसील के अधिवक्ताओं ने भी इनके खिलाफ गत 30 दिसंबर को नारेबाजी कर मोर्चा खोलाऊ था और उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे कर तहसीलदार के पटलों पर लंबित वादकारियों के मामलों में उनके द्वारा 8 लाख से 10 लाख तक के घूस मांगे जाने की पुरजोर आवाज उठा कर घूस का रेट फिक्स करो के तहत नारेबाजी की थी लेकिन बावजूद इसके तहसीलदार निखिलेश कुमार के ऊपर जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन कोई कार्रवाई तय करने में रुचि नहीं ले रहा हैं। इन मुद्दों को लेकर आमजन मानस के बीच सरकार की छवि स्वार्जनिक तौर पर धूमिल हो रही हैं।

अब गत 31 दिसम्बर को पत्रकार के भाई आदित्य सिंह श्रीवास्तव का भयंकर एक्सीडेंट होने के बाबत मेडिकल कॉलेज में सद्दरपुर के इमरजंसी वार्ड में उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार ने पत्रकार के कंधे पर हाथ डाल कर धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड से भागा दिया। जिसकी लिखित शिकायत कर जिलाधिकारी अविनाश सिंह को पत्रकार ने मुलाकात कर गत 1 जनवरी 2025 को दिया था इसके बाबत उन्होंने पत्रकार को न्याय दिलाए जाने हेतु भरोसा दिलाया था जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी टांडा डॉ शशि शेखर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया लेकिन प्रकरण की जांच रिपोर्ट पांच दिन बीत जाने के बाद भी अधर में लटकी हुई है।

# अलाव की लकड़ी की आंच में खेल, अलाव की लकड़ियों से उठ रहा घपले का धुआं

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** पहाड़ों पर हुई बारिश और बर्फबारी का असर उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, खासकर अंबेडकर नगर में भी दिखाई देने लगा है। पिछले तीन दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण शहर में ठंड तेजी से बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रयागराज में लगातार बादल छाए रहने के कारण हवा में ठंडक बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय तापमान में गिरावट आ रही है। ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलने से बचने लगे हैं और शाम होते ही शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगता है। लोग ज्यादातर घरों में रहना ही पसंद कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में शुष्क मौसम की संभावना जताई है, साथ ही तापमान में और गिरावट आने की आशंका जताई है। रात के समय कोहरे का भी असर देखने को मिलेगा, जिससे सर्दी और बढ़ सकती है।सर्दी के मौसम में अलाव ही गरीबों का सहारा है, मगर गरीबों के लिए जलने वाले इस अलाव की लकड़ी में बड़ा खेल होने की आशंका पनपने लगी है। नगर पालिका अकबरपुर के कर्मचारी हर वार्ड में लगभग 5 से 6 कुंतल लकड़ी उतरवा रहे हैं,एक निवासी ने मीडिया से बातचीत में नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तीन दिन से बहुत ज्यादा सर्दी पड़ रही है। हम लोग लकड़ी लेकर आते हैं, लेकिन गीली होने की वजह से लकड़ी जल नहीं पाती है।नगर पालिका रोजाना अलाव के चिन्हित स्थान के हिसाब से पर्याप्त लकड़ी खरीद रहा है, लेकिन कई वार्ड मेंबर का आरोप है कि उनके इलाकों में लकड़ी गिराने वाली गाड़ी आ ही नहीं रही। जहां गाड़ी आ भी रही है, वहां कम लकड़ी गिराई जा रही है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मद्देनजर सभी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाने के निर्देश दिए थे। वार्ड के लोगों का आरोप है कि अधिशासी अधिकारी और पालिकाध्यक्ष के करीबी कर्मचारी इजरायल अपने निजी फायदे के लिए नगर पालिका की लकड़ी का दुरुपयोग कर रहे हैं। इनके द्वारा अपने चहेतो के यहां मुंह मांगी लकड़ी उपलब्ध करवाई जाती है। नगर पालिका के एक कर्मचारी के मुताबिक, कई जगह रसूखदार और वीआईपी ज्यादा लकड़ियां गिरवा लेते है। इससे बाकी वार्डों के लिए पर्याप्त लकड़ी नहीं बचती। इसके अलावा कई अफसर अपने आवास पर भी लकड़ियां गिरवा रहे हैं।जिससे इनके अपने लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए ऐसा आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला नगर में चर्चा का विषय बन गया है। जो कि पालिकाध्यक्ष से घनिष्ठ संबंध रखते हैं। नगरवासियों का मानना है कि यही संबंध नगर पालिका कर्मचारियों को इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने का साहस प्रदान कर रहा है।नगरवासियों का कहना है कि ठंड के मौसम में नगर पालिका की ओर से अलाव के लिए नाम मात्र की व्यवस्था की गई, जिससे लोग शीतलहर से बचने के लिए परेशान हैं। नगर पालिका अकबरपुर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और स्थानीय लोग यह चाहते हैं कि इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिला चिकित्सालय अंबेडकर नगर का किया आकस्मिक निरीक्षण। चिकित्सालय में मरीजों को लिए ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में समस्त व्यवस्थाएं पाई गई चुस्त दुरुस्त। इस दौरान बिना पूर्व सूचना के सीएमएस के अनुपस्थित पाए जाने पर सीएमएस को स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड, एमसीएच विंग के जनरल एवं सिजेरियन वार्ड आदि वार्डों का भ्रमण कर चिकित्सालय में मरीजों को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराए गए व्यवस्थाओं यथा कंबल एवं हीटर कीऐ व्यवस्था एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में हीटर की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई इसी के साथ ही मरीजों को आवश्यकता अनुसार कंबल उपलब्ध कराए गए थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बड़ी संख्या में मरीजों में कंबल वितरण भी किया गया। एमसीएच विंग में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जच्चाङ्कबच्चा को को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराई गई सुविधाओं, भोजन आदि व्यवस्थाओ का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जच्चा एवं बच्चा के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के सभी वार्डों में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था पाई, जिसकी जिलाधिकारी द्वारा सराहना करते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सीएमएस जिला चिकित्सालय के नियमित सफाई व्यवस्था को मेनटेन रखें और यह सुनिश्चिते करें कि चिकित्सालय में आने वाले मरीज एवं उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो मरीज को शासन के मंशानुसार बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा सुगमिता से उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान सीएमएस के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सीय स्टाफ उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, तहसीलदार अकबरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 16 केंद्रों पर होगी नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में दाखिले के लिए 18 जनवरी को 16 केंद्रों पर 4940 परीक्षार्थी भाग लेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों को आवश्यक तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।नवोदय विद्यालय में कक्षा छह की 80 सीटों के लिए 4940 बच्चों ने आवेदन किया है। विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए 18 जनवरी को परीक्षा होनी है, जिसको लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। डीआईओएस कार्यालय के अनुसार बीएन इंटर कॉलेज, संत कबीरनगर इंटर कॉलेज सैदापुर, एसबी नेशनल इंटर कॉलेज बसखारी, रांगेय राघव इंटर कॉलेज हंसवर, जनता इंटर कॉलेज महरूआ, अजय प्रताप इंटर कॉलेज भीटी, जनता इंटर कॉलेज पैकोली बाजार, राम लोचन इंटर कॉलेज शिवपाल, गांधी आश्रम इंटर कॉलेज राजेसुल्तानपुर, नरेन्द्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलालपुर, रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आलापुर, मो. शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर, कौमी इंटर कॉलेज टांडा व एचटी इंटर कॉलेज टांडा में आयोजित होगी। डीआईओएस गिरीश कुमार ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों में परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर लें। निरीक्षण में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुम्भ के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** गिरीश द्विवेदी, सहायक निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ के द्वारा जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता के साथ महाकुम्भ के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्वीन हो पार्क में निर्मित रैन बसेरे एवं सुल्तानपुर रोड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग आदि पर सफाई व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ भी बैठक करते हुए कुंभ की तैयारी के संबंध में विचार विमर्श किया गया । उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक महाकुम्भ मेले का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है। जिसमें देश विदेश सहित लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। प्रयागराज स्नान के उपरान्त अयोध्या धाम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन सम्भावित है। अयोध्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट स्तर की मूलभूत सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। सहायक निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि शासन श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में उत्कृष्ट सुविधाओं को प्रदान किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के दृष्टिगत अयोध्या धाम में कुम्भ मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया।

# बुधवार व बृहस्पतिवार बंद रहेंगी दुकानें

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले के विभिन्न बाजारों की साप्ताहिक बंदी का दिन जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने घोषित कर दिया है। इसके तहत फैजाबाद की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे। ऑटोमोबाइल डीलर्स की दुकानें रविवार को बंद रहेंगी। अयोध्या की बाजारें बुधवार को बंद रहेंगी। इसी तरह बीकापुर में शनिवार, भदरसा में मंगलवार, गोसाईगंज में शुक्रवार, रुदौली में मंगलवार, दर्शननगर में शुक्रवार, मयाबाजार में बुधवार, पूरा बाजार में मंगलवार को बंदी रहेगी। जबकि चौरे बाजार में बुधवार, सोहावल में शनिवार, मसौधा में सोमवार, ड्योढ़ी बाजार में बुधवार, मिल्कीपुर में बुधवार, कुमारगंज में सोमवार, हैदरगंज बाजार में शनिवार, हैंरिग्टनगंज में बुधवार व मवई चौराहा रुदौली में रविवार को बंदी रहेगी।

# ट्रेन से कटा युवक, सिर धड़ से हुआ अलग, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम को भेजा

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



एटा जनपद के अवागढ़ थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटा हुआ युवक का शव पड़ा मिला है ।आस पास के लोगों ने सूचना अवागढ़ थाना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची अवागढ़ थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।पुलिस ने युवक की शिनाख्त लवकुश उर्फ कलुआ उम्र 26 वर्ष निवासी खुशरई थाना अवागढ़ रूप में की है। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दे दी है।सूचना मिलते ही परिजन दौड़े दौड़े पहुंचे हैं।युवक की दर्दनाक मौत हुई है ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार मृतक अपनी ननिहाल में रहता था आज शाम पांच बजे मालगाड़ी गुजर रही थी ।मालगाड़ी रेलवे ट्रैक से जैसे ही गुजरी तभी युवक का रेलवे ट्रैक पर शव लहूलुहान पड़ा मिला है।ट्रेन से कटने की वजह से युवक का शव क्षति विक्षत हो गया है वही सिर धड़ अलग हो गया पुलिस ने कटे अंगों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले पर थाना प्रभारी थाना अवागढ़ कपिल कुमार नैन से जब बातचीत की तो उन्होंने बताया कि जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची है युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।शिनाख्त कर ली गई है परिजनों को सूचना दी गई है।युवक ननिहाल में रहता है।मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# शौच के लिए गए युवक की गला रेतकर हत्या

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र में शौच के लिए घर से निकले युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव घर से एक किलोमीटर दूर झाड़ियों में पुआल में बरामद हुआ। रंजिशन हत्या किए जाने की बात सामने आई है। मामला अहिरौली थाना क्षेत्र के रानीपुर गिरंट का है। यहां का निवासी रामाशीष (30) रविवार सुबह 7.30 बजे घर से शौच जाने की बात कहकर निकला था। एक घंटे बाद भी जब वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। एक घंटे बाद उसका शव घर से एक किलोमीटर दूर स्थित बाग की झाड़ियों के अंदर पुआल पर परिजनों ने बरामद किया। उसका गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई थी। एवं हत्या की खबर मिलते ही एसपी केशव कुमार के साथ एएसपी विशाल पांडेय घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। एसपी ने हत्या के खुलासे के लिए तीन टीमों को गठन किया है।

# जिला अधिकारी अम्बेडकर नगर के आदेश नहीं मानते जिले के अधिकारी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** एस एन इंटर कॉलेज इन्दईपुर के अंग्रेजी प्रवक्ता मेवालाल ने दिनांक 24/06/2024 को जिला अधिकारी से मिलकर शिकायत दी थी जिसपर जिला अधिकारी के कार्यालय में पत्र दिनांक 25 जून 2024 द्वारा मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिला अधिकारी, उप जिला अधिकारी अकबरपुर और जिला विद्यालय निरीक्षक की चार सदस्यीय संयुक्त जांच टीम गठित कर जांच का आदेश दिया था। परंतु जांच टीम ने 6 महीने बीत गए कोई जांच नहीं की। बेचारा प्रवक्ता मेवालाल (दलित) अधिकारियों के आफिसों का चक्कर लगाता रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उन्होंने प्रकरण की जांच के लिए दिनांक 24/08/2024 को जांच समिति की बैठक रखी थी ।कार्यालय के पत्र दिनांक 22 अगस्त 2024 द्वारा प्रधानाचार्य एस एन इंटर कॉलेज इन्दईपुर को अभिलेख के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया था ।प्रतिलिपि पत्र द्वारा तत्कालीन प्रधानाचार्य श्री शिवकुमार मिश्र को भी अपना अभी कथन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। बैठक के दिन कोई उपस्थित ही नहीं हुआ केवल तत्कालीन प्रधानाचार्य श्री शिवकुमार मिश्र का अभी कथन प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरा स्थानांतरण हो गया है मेरे पास कोई अभिलेख नहीं है।

**बैठक में नहीं पहुंचे जांच समिति के सदस्य और न एस0 एन0 इंटर कॉलेज इन्दईपुर के प्रधानाचार्य :-**

जिला अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति की बैठक दिनांक 24 अगस्त 2024 को समिति के सदस्य मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिला अधिकारी, उप जिला अधिकारी अकबरपुर नहीं पहुंचे और एस0 एन0 इंटर कॉलेज इन्दईपुर के प्रधानाचार्य ने भी जिला अधिकारी के आदेश का अनुपालन नहीं किया जबकि आदेश में स्पष्ट लिखा था कि प्रधानाचार्य समस्त अभिलेख जांच समिति के सामने प्रस्तुत करें।

**बैठक में प्रधानाचार्य द्वारा नहीं उपलब्ध कराए गए अभिलेख :-**

बैठक में एस0 एन0 इंटर कॉलेज इन्दईपुर के वर्तमान प्रधानाचार्य ने जिला अधिकारी के आदेश का अनुपालन नहीं किया फिर भी जिला विद्यालय निरीक्षक ने उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की।

**जिला विद्यालय निरीक्षक ने बैठक का ब्यौरा देने से किया इनकार :-**

जब जिला विद्यालय निरीक्षक से पूछा गया कि 24 अगस्त 2024 की बैठक में क्या जांच हुई तो उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। केवल इतना बताया कि वर्तमान प्रधानाचार्य ने कोई अभिलेख नहीं उपलब्ध कराए केवल पूर्व प्रधानाचार्य का पत्र प्राप्त हुआ। जांच अभी जारी है जिला अधिकारी द्वारा जारी जांच आदेश को निरस्त करने का अधिकार उनको नहीं है और न ही उनके द्वारा कोई बैठक निरस्त की गई है।

**जांच कब तक पूरी होगी :-**

जिला विद्यालय निरीक्षक से पूछा गया कि जांच कब तक पूरी होगी। मामले में कब तक निर्णय आएगा। तो उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया

**मेवालाल प्रवक्ता एस0 एन0 इंटर कॉलेज इन्दईपुर को न्याय क्यों नहीं मिला :-**

एस0 एन0 इंटर कॉलेज इन्दईपुर के अंग्रेजी प्रवक्ता मेवालाल दलित परिवार से है न्याय के दर-दर भटक रहे लेकिन न्याय नहीं मिला। क्या यही है भारतीय जनता पार्टी की घोषणा कि हमारी सरकार में सबको न्याय मिलेगा। अगर देखा जाए तो सबसे ज्यादा शोषण दलित समाज का हुआ है। भाजपा सरकार में आखिर मेवालाल को न्याय जनपद अंबेडकर नगर के जिला प्रशासन दिला पाएगा यह सवाल आज भी बना हुआ है।

# कटेहरी बाजार वासियो के साथ सौतेला व्यवहार



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने कटेहरी में लगभग 4 किलोमीटर का बाईपास दिए जाने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व ठेकेदार के मनमानी के चलते आधी बाजार तक फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। आखिर जब आधी बाजार तक फोर लेन सड़क बना ही दी जा रही है तो क्या आधे ही बाजार वासियो के लिए ही बाईपास दिया गया है इसको लेकर बाजार वासियो में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# पत्रकार खबर ना भेजने के लिए जवाब देही क्यों नहीं दोषी कोन ?

**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि लेखक-- मनोज वाल्मीकि नगीना**



अखबारों के पत्रकार क्षेत्र की वो खबरें भेजने के लिए क्यों विवश है जिन खबरों को पढ़ने के लिए पाठक बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि उन खबरों में न्याय मिलना या अधिकारियों की अनदेखी करना छिपा तो होता ही है और भी बहुत कुछ छुपा होता है। जिसे पत्रकार को परोसकर जनता के सामने बेबाकी के साथ रखना चाहिए यही पत्रकार की अहम जिम्मेदारिया होती हैं, क्योंकि पत्रकार ही समाज का सच्चा सेवक होता है यदि पत्रकार ही अपनी जिम्मेदारियो से भटकेगा तो उसे देश का चौथा स्तंभ कौन कहेगा। यह बात गले तो नहीं उतर रही की आज का पत्रकार खबरें भेजने से डरता है। यह हो सकता है कि दबंगो,अपराधियों, माफियाओं, राजनेताओं, या फिर अधिकारियों का डर जिस कारण पत्रकार क्षेत्र की वे खबरें नहीं भेज पता है जो समाज के लिए जरूरी होती है। इसके लिए अखबार के संपादकिये मंडल को भी अपने पत्रकार से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए कि आखिर यह खबर आपने क्यों नहीं भेजी, हो सकता है कहीं पत्रकार का ही नीत स्वार्थ छिपा हो। यही कारण है के दिन प्रतिदिन अखबारों की बिक्री घटती जा रही है यदि सब कुछ ऐसा ही चलता रहा तो हमारी आने वाली नस्ले पूछेंगे कि देश में अखबार भी छपा करता था क्या। देश की आजादी से पूर्व और देश की आजादी तक पत्रकारों में जूनूनी पत्रकारिता का भाव रहता था पत्रकार चाहता था कि मेरी लेखनी से देश का सम्मान बड़े स्वाभिमान जगह शान और ऑन बड़े किसी का अपमान ना हो किसी को हानि ना हो और गरीबो, बेसहारा, किसानो, व्यापारियों, अबला नारियों, दलितो, पिछड़ो, अगडो मजदूर कारी करो को इंसाफ न्याय मिल सके ऐसी सोच हर एक पत्रकारों की होती थी इसीलिए कलाम का सिपाही कहा और माना जाता था इसलिए प्रतिदिन सुबह सवेरे अधिकारी कर्मचारी राजनेता समाजसेवी और हजारों हजारों समाज के लोग चाय के नाश्ते से पहले अखबार की सुर्खियां पढ़ते और बटोड़ते थे उसे समय पाठकों में अखबार पढ़ने की एक अजीब सी जिज्ञासा बनी रहती थी उन्हें भूख और प्यास भी नहीं सताती थी। उस दौर में अखबार की बिक्री भी धड़ल्ले से होती थी हर कोई पढ़ा लिखा व्यक्ति अखबार जरूर पढ़ता था क्योंकि वह भी ज्ञानवर्धक होता था देश विदेश की महत्वपूर्ण जानकारियां अखबार में छपा करती थी, लेकिन आज के पत्रकार ने इन सबको दरकिनार कर डाला आइये एक नजर डालते हैं आज के पत्रकार की कार्य शैली पर।

जिस तरह क्षेत्र में कोई सनसनीखेज वारदात हो जाती है तो वह जंगल में आग की तरह फैल जाती है ठीक इसी तरह क्षेत्र के अधिकांश पत्रकार क्षेत्र की वे खबरे जिनमें कमजोर ओर गरीब पर दबंग, माफिया, और तानाशाह अफसर विशेष कर लाल फीता शाही द्वारा सताया या उत्पीड़न किया जा रहा हो उन खबरों को ना भेजने के लिए पिछले कई सालों से चर्चाओं में बने रहते हैं। क्योंकि जब पीड़ित को कहीं से न्याय नहीं मिल पाता तब उसे गरीब और लाचार विवश की निगाहें एक पत्रकार पर होती है और उसे पूर्ण विश्वास होता है कि पत्रकार उसे न्याय अवश्य दिला देगा लेकिन पत्रकार के भी अपने नित स्वार्थ के कारण उसकी आवाज को दबा देता है और दबंगकारियो और अधिकारियों की जी हजूरी और चापलूसी भारी खबरें छपने से पत्रकार और अखबार का महत्व पाठकों के सामने आने से कम हो जाता है, यही कारण है कि गरीब का आज के पत्रकारों से विश्वास भरोसा टूट गया है जिसका आने वाले समय में पत्रकारिता जगत पर बुरा असर पड़ेगा। क्षेत्र की खबरों के अभाव में पाठकों के साथ-सथ क्षेत्र की आवाम और कमजोर पीड़ित वर्गों में भी पत्रकार के ऊपर से भरोसा उठ गया,और खास प्रभाव पढ़ रहा है। इसके लिए अकेला पत्रकार दोषी नहीं है बल्कि अखबारों के संपादक मंडल भी पूर्ण रूप से दोषी है जिन्हें सब कुछ जानकारी होते हुए भी वह अपने पत्रकार को अपने अखबार से अलग नहीं करते एक समय था जब अखबार के संपादक मंडल अपने स्थानीय पत्रकार को उसके खर्चा दिया करते थे, लेकिन अब सब कुछ बदल गया है, अब पत्रकार कमाई कर संपादक मंडल को देता है, नए दौर की पत्रकारिता में यह बदलाव आया है।

अखबार की बिक्री पर जो प्रभाव पड़ रहा है इसका एक कारण पत्रकार और संपादकीय मंडल तो है ही, दूसरा प्रभाव का कारण अखबार को पीडीएफ पर चलाना इससे अखबार के संपादक मंडल को नुकसान तो होता ही है साथ ही पत्रकार भी अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाता है। जब पाठक अपने मोबाइल फोन पर अखबारों की पीडीएफ के माध्यम से खबरों को पड़ेगा तो वह पैसे खर्च कर अखबार क्यों खरीदेगा जबकि आज का पत्रकार पाठक कोटक फ्री निशुल्क अखबार पहुंच रहा है पत्रकार के द्वारा पाठकों तक फ्री अखबार पहुंचने का कारण क्या हो सकता है और क्या नहीं हो सकता इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। लेकिन अखबार के संपादक मंडल को या ब्यूरो चीफ जिसे हम जिला प्रभारी भी कहते हैं उनके पास इतनी फुर्सत नहीं है। बस संपादक मंडल या जिला प्रभारी यह कहकर अपना पल्लू झाड़ लेते हैं कि कोरोना की मार ऊपर से जीएसटी का लगना अखबारों और पत्रकारों पर सरकार के मारा है जबकि सच्चाई कुछ और ही है जिसे समझने की पहली जरूरत है। और संपादक मंडल अपने पत्रकार से ग्रुपों में पीडीएफ या छपी खबरों की कटिंग डालना बंद करें और अखबार मांगे ताकि पत्रकार की जिम्मेदारी बनी रहे बनी रहे। साथ ही संपादक मंडल क्षेत्र के पत्रकारों को उन सब खबरों को भेजने को कहें जिसके लिए वह अपने नित स्वार्थ की बंदिशों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है जिस कारण वंश उन खबरों को भेजना गवारा नहीं करते जिन खबरों को आवाम या पाठक अखबार में पढ़ना चाहते हैं।

## थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त आसिफ को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी के 11 अदद मोबाइल (अनुमानित कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये) बरामद

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार)**




**फिरोजाबाद (आगरा मंडल)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद जनपद में चोर / लुटेरों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा पतारसी से मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर अभियुक्त आसिफ पुत्र बदूद खान निवासी पार्षद छोटेलाल वाली गली, छोटी छपेटी कोटला मौहल्ला थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 45 वर्ष को गोमती नगर में निर्माणाधीन प्लाट के पास थाना क्षेत्र उत्तर फिरोजाबाद से दि0 04.01.2025 को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 11 अदद मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनी के बरामद हुए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त :-**

आसिफ पुत्र बदूद खान निवासी पार्षद छोटेलाल वाली गली, छोटी छपेटी कोटला मौहल्ला थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 45 वर्ष

पंजीकृत अभियोग :-

1. मु0अ0सं0 008/25 धारा 35/106 बीएनएसएस व 317(2)/317 (5) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त :-**

1. मु0अ0सं0 333/2021 धारा 379/411/420 भादवि थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 177/2024 धारा 379/411 भादवि थाना हरिपर्वत कमिश्नरेट आगरा ।
3- मु0अ0सं0 008/25 धारा 35/106 बीएनएसएस व 317 (2)/317(5) बीएनएस थाना उत्तर फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण :-**

1. वीवो कम्पनी का एक मोबाइल फोन रंग महरूम, IMEI-1 863050040451875, IMEI-2 863050040451867
2. एप्पल आईफोन का एक मोबाइल फोन रंग ग्रे, IMEI-1 358472383229712, IMEI-2 358472383191185
3. वीवो का एक मोबाइल फोन रंग नीला (स्वीच आफ),
4. रेडमी का एक मोबाइल फोन रंग आसमानी 865980064566323 IMEI-1 865980064566315 IMEI-2
5. रियलमी का एक मोबाइल फोन रंग हल्का हरा, IMEI-1 861856065639273/33, IMEI-2 861856065639265/33
6.ओप्पो का एक मोबाइल फोन रंग काला (स्वीच आफ)
7. सैमसंग गैलेक्सी एक मोबाइल फोन रंग नारंगी IMEI-1 350250294937765 IMEI-2 350250294937757
8. वीवो का एक मोबाइल फोन रंग आसमानी 863067064238624/00 IMEI-1 863067064238632/00, IMEI-2
9. रेडमी का एक मोबाइल फोन रंग गुलाबी, IMEI-1 863287042413319
10. ओप्पो का एक मोबाइल फोन रंग गोल्डन (स्वीच आफ)
11. ओप्पो कम्पनी का एक मोबाइल फोन रंग नीला IMEI-1 861968057861672 IMEI-2 861968057861664

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
2.उ0नि0 श्री गौरव वर्मा चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद ।
3.प्र0उ0नि0 श्री अरूण कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 807 नीलेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद
5. है0का0 200 अशोक कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0का0 722 अजीत सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

## शंकरगढ़ में नही थम रहा सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल, शिकायत



**शंकरगढ़( प्रयागराज )।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा एंटी भू माफिया टीम का गठन किया गया है, और सरकार की जमीन पर कब्जा कर रहे भू - माफियाओं के लिए धर पकड़ कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है । लेकिन क्या सच में इन भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई हो रही है । सरकार लगातार गांव समाज व तालाब की जमीन से कब्जा हटवाए जाने का ढिंढोरा पीट रही है । वहीं शंकरगढ़ स्थिति मवैया पहलवान में एके इंफ्रा ड्रीम सिटी के द्वारा हो रहे प्लाटिंग में भू माफियाओं द्वारा वन विभाग से सटी सरकारी जमीन को भी प्लाटिंग करने से नही छोड़ रहे हैं ,जिसको लेकर शंकरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम प्रसाद केसरवानी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है । लेकिन फिर भी सरकारी जमीन में कब्जा करने वाले भू माफियाओं के हौसले आज भी बुलंद हैं । *ऐसे लगाते हैं चूना* दरअसल सूत्र बताते हैं कि शंकरगढ़ के मवैया पहलवान में एके इंफ्रा ड्रीम सिटी और अभयपुर में भू माफिया ज्ञान शाहू प्रॉपर्टी डीलिंग के नाम पर किसानों की जमीन लेकर प्लाटिंग कर रहा है । दरअसल किसानों से जमीन की खरीदारी नहीं करते बल्कि सीधे कच्चे कागजों के सहारे जमीन लेकर सीधे खरीदार को बेच देते हैं । यानी बड़ी स्टांप की चोरी , सब कुछ जानते हुए भी तहसील प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने आंखें मूंदे बैठे हैं । कई वर्षों से चल रहे इस गड़बड़ झाले पर जिम्मेदारों की चुप्पी संदेह के घेरे में लाकर खड़ा कर दी है । *इनकी होती है अहम भूमिका* जो नायब तहसीलदार व हल्का लेखपाल शंकरगढ़ कस्बे में हो रही सरकारी जमीनों पर कब्जे व स्टांप चोरी के मामले में शक के दायरे में रहता है प्रशासन उसी नायब तहसीलदार व लेखपाल से पूरे प्रकरण की जांच करवाती है । ऐसे में जांच रिपोर्ट क्या होगी ,आसानी से समझा जा सकता है दरअसल शंकरगढ़ कस्बे में बीते कई सालों से खाली पड़ी बेशकीमती सरकारी जमीनों पर कब्जे का खेल चल रहा है ।

## अवैध तमंचा सहित एक गिरफ्तार

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



**एटा।** जनपद की अलीगंज थाना पुलिस ने 315 बोर अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है ।अलीगंज थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान जामा तलाशी ली और अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया है ।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश भर जिले भर समस्त थाना क्षेत्रों में अभियान सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।इसी अभियान के तहत पुलिस ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप अमरोली रतनपुर के समीप चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।तलाशी के दौरान गिरफ्तार आरोपी पर एक 315 बोर तमंचा मिला है जिसे पुलिस ने शील कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। अलीगंज थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान ऋषिपाल पुत्र रामनाथ निवासी नगला बल्लभ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार करने बाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अवधेश कुमार, कांस्टेबल अमरजीत सिंह, कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल इंदौर कुमार शामिल रहे हैं।

## मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह रोहट में संपन्न हुआ

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान रोहट से चंद्राराम भाटी की रिपोर्ट**




श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रोहट के तत्वावधान में तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में रोहट में संपन्न हुआ आज आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ डी.आर. जॉनसन, एवं अंतर्राष्ट्रीय संत बाल योगी श्री संतोष महाराज, श्री देव आश्रम भगोड़ा के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस समारोह में पाली जालोर जोधपुर से गणमान्य समाज बंधुओं व्यवसायी, कर्मचारी अधिकारियों तथा श्री मारवाड़ मेघवाल समाज सेवा संस्थान पाली की शाखाओं मारवाड़ जंक्शन, रानी, देसूरी, पाली शहर, पाली ग्रामीण के अध्यक्ष मय कार्यकारिणी ने भाग लेकर सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन कर शुभाशीर्वाद प्रदान किया। समाज की दसवीं, बारहवीं,उत्कृष्ट खिलाड़ियों सहित 85 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रोहट उपखंड क्षेत्र के नव नियुक्त कर्मचारी, गौरवपूर्ण राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले का बहुमान किया। श्री मारवाड़ मेघवाल समाज सेवा संस्थान, पाली की मारवाड़ जंक्शन, रानी, देसूरी, पाली शहर, पाली ग्रामीण शाखाओं के अध्यक्ष मय कार्यकारिणी ने भाग लिया। रोहट शाखा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज बंधु भानाराम जयपाल, मदनलाल बामनिया,कला राम बामनिया रुघनाथ राम, हरिराम जयपाल लक्ष्मण गोयल, प्रकाश बामनिया, गोविंद बामनिया, ओमप्रकाश परमार, मोहनलाल परमार भेराराम बेगड़, नैनाराम चौहान, बाबूलाल चौहान, जगमाल राम खांडी, पोलाराम चौहान, सोहनलाल वंदावत , रूपाराम गोयल,चेतन मूलवत, सूजाराम पंवार, सुभाष गोराडिया, सोहनलाल पंवार कानाराम जयपाल, धन्ना राम मालवा, ओमप्रकाश नेहड़ा, संजय लवा, प्रताप लवा राजेश पंवार, नरसिंह राम मूच्छावत, विरमाराम मूछावत, बाबूलाल पंवार मदनलाल सूबेदार, हनुमान गरवलिया, मांगीलाल गरवलिया आदि मौजूद रहें।

## अमृत सरोवर तालाब की खुदाई की जांच करने पहुंची टीम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर ब्यूरो चीफ रन्नो सिंह**



**फतेहपुर।** खखरेरु विकास खण्ड धाता के अन्तर्गत ग्राम सभा आलमपुर गेरिया में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी से शिकायत करने पर खण्ड विकास अधिकारी धाता ने टीम गठित कर अमृत सरोवर तालाब जो 23 बीघा जिसका तालाबी नम्बर 1765 है की मशीनों द्वारा खुदाई करने को लेकर मौके पर ग्रामीण व सहायक ग्राम विकास अधिकारी सी सी चौधरी अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग शिवबहादुर सिंह तथा ग्राम पंचायत अधिकारी धर्म कीर्ति चौधरी ने आलमपुर गेरिया के डिग्घी (अमृत सरोवर) की नाप जोक करते समय पंचायत मित्र रीता देवी मौजूद नहीं रहीं जो कि रीता देवी को ग्रामीणों ने बताया कि उसकी शादी 2010 में ऐरायां ब्लाक के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में हुई है जो कि उसकी जगह पर पंचायत मित्र का भाई राजू देख रहा है मौजूद टीम ने बताया कि इस जांच की रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को दी जायेगी ग्रामीण अशोक कुमार, रामबाबू, संजय मिश्रा अखिलेश कुमार मिश्रा रामविशाल आदि मौजूद के मत लोगों ने प्रधान पति राकेश कुमार पर आरोप लगाया कि तालाब की खुदाई मजदूरों की जगह मशीनों द्वारा खुदाई कराई गई है।

## मुरली मनोहर सोनी बने सूरजपुर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

**जिला संगठन चुनाव अधिकारी चंपादेवी पावले ने की घोषणा**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**उदित ठाकुर**




**सूरजपुर।** सूरजपुर भाजपा के मुरली मनोहर सोनी नए जिलाध्यक्ष घोषित किए गए। श्री मुरली सोनी के भाजपा जिलाध्यक्ष घोषित होते ही मंचासीन अतिथियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा कार्यालय मे जमकर आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ नए जिलाध्यक्ष का अभिनंदन स्वागत किया गया ।आज यहाँ संगठन महापर्व के कार्यक्रम के तहत नए जिलाध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती चंपा देवी पावले, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। गौरतलब है की गत चार माह से अधिक समय तक भाजपा पूरे जिले मे संगठन महापर्व के तहत सदस्यता महाभियान के तहत रिकॉर्ड लगभग डेढ़ लाख से अधिक सदस्य बनाए तथा तीन हजार से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए गए। संगठन चुनाव की प्रक्रिया बूथ स्तर पर संपन्न होने के बाद सभी चौदह मंडलो मे मंडल अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिलाध्यक्ष के चयन हेतु रायशुमारी की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की दावेदारी की थी। उन सभी नामो का पैनल तैयार कर प्रदेश कोर ग्रुप से चर्चा उपरांत राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुशंसा पश्चात जिलाध्यक्ष का नाम फाइनल किया गया। जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था इसलिए अंतिम समय तक कोई भी व्यक्ति जिलाध्यक्ष के नाम का अनुमान नहीं लगा पाया था। जिला चुनाव अधिकारी चंपादेवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है हम सब परिवार के सदस्य हैं यहाँ परिश्रम करने वाले कार्यकर्ता को जवाबदारी सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से कार्यकर्ता अपनी इच्छा व्यक्त किए थे लेकिन संगठन का निर्णय सर्वोपरि है। श्रीमती पावले ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन व प्रदेश संगठन के निर्णय उपरांत जो नाम मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है में उसे पढ़कर सुना रही हु इस पत्र के अनुरूप श्री मुरली मनोहर सोनी को भाजपा सूरजपुर का नया जिलाध्यक्ष घोषित करती हूँ। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने सभी मंचासीन अतिथि व कार्यकर्ताओं का आभार जताया उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा ने जिले में विपक्ष की भूमिका से लेकर विधानसभा चुनाव व लोक सभा चुनाव मे मजबती से लड़ाई लड़ी है। जिले ने तीन-तीन विधायक व सांसद को जीत दिलाने मे सफलता प्राप्त की है। संगठन महापर्व के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह से सदस्यता महाभियान को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि उनके चार साल के कार्यकाल मे अपने टीम के सभी साथियों का भरपूर सहयोग मिला तथा सभी का मंच से ही एक-एक कर व्यक्तिगत रूप से नाम ले लेकर आभार भी जताया। उन्होंने कहा की भाजपा के भव्य कार्यालय का निर्माण सबके सहयोग से संभव हुआ। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि भाजपा संगठन में दायित्व परिवर्तन की एक सतत प्रक्रिया है जहाँ सभी को समय-समय पर अलग-अलग जवाबदारी सौपी जाती है। आज एकबार पुनः नए कार्यकर्ता के कंधे पर जिलाध्यक्ष की जवाबदारी सौपी जा रही है लेकिन पूरी टीम को एकजुट होकर कार्य करना है। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बदौलत जनता की सेवा के लिए सत्ता तक पहुँचे है। सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे इसके लिए संगठन भी साथ-साथ चलेगा।

## थाने के पास मिला नाले में युवक का शव

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

कई दिनों से लापता युवक की डेड बॉडी नाले में मिलने से हड़कंप मच गया घटना की जानकारी मौके पर पहुंची पुलिस पहले डेड बॉडी को डमी समझा लेकिन स्थानीय लोगों ने शव को नाले से बाहर निकाला तो मृतक की पहचान पूरनपुर के क्षेत्र 20 वर्षीय सागर के रूप में हुई

**27 दिसंबर से लापता था युवक** : सागर के परिजनों ने बताया कि वह 27 दिसंबर को घर से गायब हो गया था गुमशुदगी दर्ज करने के लिए परिजन थाने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज करने से इंनकार कर दिया रविवार थाने के पास नाले में शव मिलने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फैल गया परिजनो ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर हंगामा किया इस दौरान हिंदूवादी संगठनो और भाजपा नेताओं ने पुलिस पर नाराजगी जताई

# समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है हमारी सरकार : राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट**

**कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में हो रहा है विकास - राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल**

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवा, गरीब, किसान और महिलाएं हमारी विशेष प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश तेज गति से देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त है। उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दिलीप जायसवाल आज जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत दारसागर में मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय विशेष पिछड़ी जनजाति योजना के तहत भैंस इकाई वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार आज विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरे विश्व में हाहाकार मचा था, तब हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वैक्सीन बनाने हेतु वैज्ञानिकों को संसाधन एवं सुविधाएं मुहैया कराया तथा वैक्सीन बनी और लोगों की जान बची तथा हमारे भारत से लगभग 100 देश में वैक्सीन भेजा गया तथा वहां के लोगों को भी जान बचाई गई। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान हमारे प्रधानमंत्री द्वारा 80 करोड़ से अधिक गरीब एवं रोज कमाने खाने वाले व्यक्तियों को



राशन मुहैया कराया गया। आज हमारे प्रधानमंत्री की सकारात्मक सोच एवं ऊर्जा का परिणाम है कि आज हमारा भारत पूरे विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। इसी प्रकार हमारे प्रधानमंत्री के दूरगामी सोच के कारण 2026 के अंतिम तक हमारा भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी बेटियों की हित तथा बेटियों की स्थिति में बेहतर सुधार हेतु हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना चलाई गई। इसी प्रकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना चलाई गई जिसके अंतर्गत हमारी बहनों के खाते में प्रति माह 1250 रुपए हमारी सरकार द्वारा हमारी बहनों के खाते में डाला जाता है तथा रक्षाबंधन की उपलक्ष्य में हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 250 रुपए शगुन के तौर पर दिए गए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा भरिया एवं सहरिया के लिए भी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत बैगा बस्तियों में बिजली, सड़क, पानी, स्कूल, आयुष्मान कार्ड अंतर्गत नि:शुल्क चिकित्साकीय सुविधा, मोबाइल टावर इत्यादि भी लगाए जा रहे हैं, जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके तथा उनका विकास हो सके।

राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा विशेष पिछले जनजातियों को मुख्यमंत्री दुधारू प्रदाय विशेष पिछड़ी जनजाति योजना के तहत भैंस का भी वितरण किया जा रहा है, जिस पर 90त्न शासन द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। इसी प्रकार भैंस के पशु आहार हेतु तीन माह तक की खुराकी भी दी जा रही है। यह योजना से जनजातीय समाज के लोगों का विकास होगा तथा उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष श्री रामदास पूरी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास के नए-नए सोपान स्थापित कर रही है। हमारी सरकार पिछड़ी जनजातियों के विकास के हेतु प्रतिबद्ध है तथा उनके शैक्षणिक आर्थिक सामाजिक उन्नति के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है तथा जनजातियों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विशेष प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किसान, युवा, महिलाओं एवं गरीबों के लिए उन्नति एवं प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

# युवक को आर्मी में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी

**आरोपी ने खुद को बताया अफसर**




**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

एक युवक को आर्मी में कुक की नौकरी दिलवाने का झांसा देखकर लाखों रुपए ठग लिए गए इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गजरौला थाना क्षेत्र के बिठौरा कला गांव के रहने वाले सूरज पाल ने शिकायत में बताया की बदायूं जिले के बिसौली इलाके का अरविंद राना नाम का युवक उनके गांव आता जाता था इस दौरान सूरजपाल कि अरविंद से मुलाकात हुई अरविंद ने खुद को आर्मी में तैनात बताया और कहां की उसकी सेना विभाग में अच्छी पकड़ है उसने सूरजपाल को आर्मी में कुक की नौकरी दिलवाने का भरोसा देकर 1,20,000 रुपए ले लिए कई दिनों से अरविंद ने पैसे वापस करने की बात टाल दी उसने आर्मी की वर्दी में फर्जी फोटो भी सूरजपाल को दिखाई जब सूरजपाल ने अरविंद की जांच की तो पता चला कि बह आर्मी सेवा में तैनात नहीं है और नकली दस्ते बेज और फोटो के जरिए लोगों को ठगने का काम करता है पैसा मांगने पर अरविंद ने फोन उठाना बंद कर दिया इसके बाद सूरजपाल ने न्यायालय का सहारा लिया न्यायालय के आदेश पर गजरौला पुलिस ने अरविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है गजरौला थाना अध्यक्ष जगदीप मलिक ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## अखण्ड रामायण व रामलीला समिति द्वारा विशाल भंडारा एवं शोभायात्रा का किया गया आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** जनपद के कमासिन कस्बे में श्री थान बाबा दुर्गा पूजा व रामलीला समिति कमासिन के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का समापन बुधवार 01 जनवरी 2025 को किया गया। इस कार्यक्रम के समापन के पश्चात एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र भर के हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। वहीं इस कार्यक्रम में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी समिति द्वारा किया गया जिसमें डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धालु लोग जय श्रीराम के नारे लगाए व थिरकते नजर आए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व महावीर हनुमान जी एवं दूसरी तरफ राधे - कृष्ण की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा को पूरे कस्बे व गांव भर में भ्रमण कराया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने ढोल, नगाड़ों में जोर - शोर से ठुमके लगाए तथा भगवान की जय जयकार के साथ यह कार्यक्रम संचालित रहा।

# जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल नेतृत्व में निहारिका मंगल महिला जदयू जिला अध्यक्ष बांदा द्वारा गौशालाओं की दुर्दशा को लेकर आयुक्त को ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

सौंपना गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

प्रस्तुत रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि :-

1. बाघा गौशाला- चार मृत गायों की उपस्थिति, केयरटेकर की अनुपस्थिति, और चारे का अभाव प्रशासन की लापरवाही दर्शाता है। सचिव शशांक दीक्षित पर लगाए गए आरोप स्थिति को और चिंताजनक बनाते हैं।

2. उतरवां गौशाला- भारी गंदगी, चारे की अनुपलब्धता और सचिव देवेंद्र कुमार पर कागजी आंकड़ों में हेरफेर कर धन का दुरुपयोग करने के आरोप गंभीर जांच की मांग करते हैं।

3. अन्य गौशालाएं- कागजों में फर्जी आंकड़े दिखाकर धनराशि के




दुरुपयोग के आरोप प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करते हैं। गायों की दुर्दशा, भूख, प्यास, और ठंड में उनकी मृत्यु समाज और प्रशासन दोनों के लिए शर्मनाक है।

यह स्थिति स्पष्ट करती है कि गौशालाओं का प्रबंधन पूरी तरह से लापरवाह है और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। शालिनी सिंह पटेल द्वारा इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई की मांग उचित है।

**इन परिस्थितियों में निम्नलिखित कदम उठाए जाने चाहिए :-**

स्वतंत्र जांच समिति का गठन।

दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

गौशालाओं में नियमित निरीक्षण की व्यवस्था।

चारे और अन्य सुविधाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करना।

ठंड के मौसम में गौवंश के लिए उचित इंतजाम करना।

समाज और प्रशासन की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि गौशालाओं में गौवंश के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार न हो।

ज्ञापन में सम्मिलित पदाधिकारी

प्रशांत मंगल जेडीयू जिला अध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ

नीरज सिंह जिला उपाध्यक्ष जदयू युवाप्रकोष्ठ आदित्य गोस्वामी नगर उपाध्यक्ष जदयू बांदा युवाप्रकोष्ठ, लालू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नरैनी जदयू युवा प्रकोष्ठ ,नितिन सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बड़ोखर जदयू युवा प्रकोष्ठ, विष्णु वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बड़ोखर जदयू युवाप्रकोष्ठ, कुलदीप सिंह नगर अध्यक्ष जेडीयू युवा प्रकोष्ठ आदि।

# आशीष कोचिंग क्लासेज के द्वारा आयोजित की गई दौड़ प्रतियोगिता

**1600 मी दौड़ में जितेंद्र ने मारी बाजी मिला प्रथम स्थान**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

**रामसनेही घाट बाराबंकी।** दिनांक 6जनवरी दिन रविवार को आशीष कोचिंग क्लासेज के अध्यक्ष आशीष वर्मा के द्वारा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम पटेल पायका मैदान रामसनेहीघाट में आयोजित कराई गई जिसमें मुख्य अतिथि जवाहरलाल वर्मा भाजपा नेता व विशिष्ट अतिथि अभिषेक वर्मा (जिला पंचायत सदस्य) एवं आचार्य अनूप पांडे सर्व देव मंदिर मूसेपुर उपस्थित रहे।सभी अतिथियों को कमेटी के द्वारा माला पहना कर स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि जवाहरलाल वर्मा से दौड़ में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का परिचय कराकर दौड़ का प्रारम्भ करवाया गया दौड़ प्रतियोगिता के प्रथम विजेता जितेंद्र कोटवा सड़क को पुरस्कार स्वरूप में 2100 की नगद राशि और प्रमाण पत्र, ट्रॉफी तथा द्वितीय विजेता आनंद दरियाबाद को पुरस्कार स्वरूप 1100 की नगद राशि, प्रमाण पत्र, ट्रॉफी तथा तृतीय विजेता राज लोधी वृंदावन को पुरस्कार स्वरूप 551 की धनराशि और प्रमाण पत्र, ट्रॉफी देकर इन सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस



प्रतियोगिता में कुल प्रतिभागी की संख्या 20 रही जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं ने अपने संघर्षों के द्वारा अपना परचम लहराया दौड़ प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को जागृत करना था प्रयोगिता को सुचार रूप से संपन्न कराने हेतु सहयोगकरण अमन सर,आशीष कोचिंग क्लासेस के उपाध्यक्ष राजकुमार सर, मुकेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, व मंच संचालक प्रखर तिवारी,विवेक सिंह,अद्यान्त सिंह,आयुष शुक्ला लेखपाल उत्तर प्रदेश सरकार, विनय विवेकानंद लाइब्रेरी, रोमित सर टॉपर क्लासेज, राज वर्मा प्रधान, अनुपम शुक्ला, शिवा तिवारी सर,विष्णु गुप्ता, चंदन तिवारी सर,अरविंद सर आशीष कोचिंग क्लासेज के सभी विद्यार्थी सहित क्षेत्रीय पत्रकार बंधु दिनेश तिवारी, कमलेश्वर तिवारी, राम नारायन मिश्रा,भोलानाथ मिश्रा, रामप्रकाश गुप्ता,पंकज राणा समस्त सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त को एक अदद तमन्चा , 02 अदद जिन्दा कारतूस व 03 अदद मिस फायर कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह**

**फतेहपुर।** फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.01.2025 थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त शेष्यानन्द उर्फ शेरा पुत्र फूलचन्द्र उम्र करीब वर्ष निवासी ग्राम इन्द्रो थाना गाजीपुर जनपद 28 फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315




बोर व 03 अदद मिस फायर कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 06/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को आज दिनांक 05.01.2025 मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-1- शेष्यानन्द उर्फ शेरा पुत्र फूलचन्द्र उम्र करीब वर्ष निवासी ग्राम इन्द्रो थाना गाजीपुर 28 जनपद फतेहपुर ।बरामदगी -एक अदद तमन्चा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 03 अदद मिस फायर कारतूस 315 बोर ।गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास- 1- मु0सं0अ0 183/2011 धारा 452/323/352/504/506 भादवि थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर ।2- मु0अ0स0 138/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर ।

3- मु0अ0स0 06/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम-1. थानाध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार मौर्य

2. उ0नि0 श्री रामकृपाल
3. का0 विवेक कुमार गुप्ता
4. का0 बलराम सिंह
5. का0 बॉबी सिंह

# शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति अर्जित करने वाले डॉ संदीप नेहरा का गांधी पीस फाऊंडेशन नेपाल ने किया नोबेल गांधी शांति पुरस्कार देकर सम्मान



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा**

संपूर्ण भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ संदीप नेहरा को ग्राम शिमला में 2 जनवरी को आयोजित टी सी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह में राजस्थान ही नहीं संपूर्ण भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले डॉ संदीप नेहरा को नेपाल के सर्वोच्च पुरस्कार नोबेल गांधी शांति पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ संदीप नेहरा ने एक छोटे से ग्राम देवलावास में नोबेल शिक्षण समूह की स्थापना कर शिक्षा का उजाला फैलाने का निर्णय लिया था तथा आज नोबेल शिक्षण समूह का संपूर्ण भारतवर्ष में नाम है ।शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को देखते गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल ने डॉ संदीप नेहरा को नोबेल गांधी शांति पुरस्कार से नवाजा है उनका यह सम्मान ग्राम शिमला में 2 जनवरी को किया गया ।उनको यह सम्मान गांधी पीस फाउंडेशन के फाउंडर डॉ लाल बहादुर राणा पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार पूर्व आई ए एस डॉ हरिसिंह गोदारा पचार पीठ के राघवेंद्र आचार्य महाराज मूर्तिकार मातु राम वर्मा एडवोकेट हिमांशु उपाध्याय सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली एडवोकेट डॉक्टर उमराव सिंह यादव राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर ने प्रदान किया। डॉ संदीप नेहरा को नोबेल गांधी शांति पुरस्कार मिलने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालों में सर्व श्री नोबल समूह के डिप्टी डायरेक्टर अशोक शर्मा एकेडमिक डायरेक्टर सुमन नेहरा सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार पी आर ओ डॉ मोनिका सैनी नोबल स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार वाइस प्रिंसिपल रविंदर कुमार लेखाकार अमित शर्मा सहायक लेखाकार सत्यनारायण शर्मा खान साहब जयदयाल मान नगर पालिका सिंघाना चेयर मेन विजय कुमार पाण्डे तथा सभी रिश्तेदारों व दोस्तों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**अब तक जिले में128140 किसानों से 588728 मेट्रिक टन धान खरीदी**

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने 5 जनवरी दिन रविवार को बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी एवं लाहोद उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत अब तक की खरीदी, किसानों की संख्या धान उठाव प्रति क्विंटल वजन आदि की जानकारी प्रबंधको से ली और मिलरो के द्वारा धान उठाव में तेजी लाने सहित हमालों को शासन द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक भुगतान के निर्देश दिए ।कलेक्टर



ने नवीन कृषि उपज मंडी में वजन कर रखे गए धान को इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से वजन करवाकर जांच किया और निर्धारित मात्रा से अधिक धान नहीं लेने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद हमालों से पारिश्रमिक भुगतान एवं अन्य समस्याओं के बारे में पूछ- ताछ की। इसीतरह उपार्जन केंद्र लाहोद में कलेक्टर ने पंजियों में प्रविष्टियों का अवलोकन करने के साथ ही धान खरीदी धान उठाव रकबा समर्पण एवं धान रखने के स्थान आदि की जानकारी ली।

**अब तक 588728 मेट्रिक टन धान खरीदी :-**

15 नवम्बर 2024 से शुरू हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत 4 जनवरी 3025 तक जिले में 128140किसानों से 588728 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है जिसके एवज में किसानों को 1354 करोड़ रुपये का भुगतान जिला सहकारी बैंक के द्वारा किया गया है ।वहीं उपार्जन केंद्रों से 13700 मेट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हज़ार 787 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिले की 129 समितियों के 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से उनका धान खरीदा जाएगा। इस दौरान खाद्य अधिकारी विजय किरण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी जी. एन. साहु सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद थे।